अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 304 लखनऊ, शुक्रवार, 23 मई 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### एटीएस ने वाराणसी से किया संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने वाराणसी में जैतपुरा इलाके से संदिग्ध पाकिस्तानी जासूसी तुफैल को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक ए लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो को वाट्सएप ग्रुप में शेयर करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने, गजवा ए हिन्द करने, भारत में शरीयत लागू करने जैसे संदेशों को तुफैल ने साझा किया था। एटीएस के मुताबिक पाकिस्तान के वाट्सएप ग्रुप का लिंक तुफैल ने कई लोगों को साझा किया था। तुफैल करीब छह सौ से अधिक पाकिस्तानी नम्बरों के सम्पर्क में था।

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढ़ेर

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। सेना की 2 पैरा एसएफ, सेना की 11आरआर, 7वीं असम राइफल्स और एसओजी किश्तवाड़ के जवानों ने सिंहपोरा चटरू गांव के शारी और मंड्राल ढोक इलाके के बीच तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद सुबह मुठभेड़ शुरू हुई। जैसे ही सुरक्षाबल संदिग्ध स्थल के पास पहुंचे, तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक अभियान जारी था।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट ने फिर चार दिन के पुलिस रिमांड पर दिया

हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार शहर के अग्रसेन कॉलोनी निवासी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गुरुवार को कोर्ट ने फिर चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने आज पांच दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ज्योति मल्होत्रा को स्थानीय कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट सेकुछ और जानकारियां हासिल करने के लिए उसका रिमांड मांगा। कोर्ट में लगभग डेढ़ घंटे तक उसके रिमांड पर बहस चली। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि पांच दिन की रिमांड अवधि के दौरान काफी कुछ जानकारियां मिली हैं और पूरी तहकीकात व अन्य जानकारियां जुटाने के लिए अभी और रिमांड की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने पुलिस के अनुरोध को मानते हुए ज्योति की चार दिन की रिमांड स्वीकार कर ली।

# अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने राजस्थान से किया देश के 103 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन



बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी।

श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था, पहलगाम में गोलिया चली थी उन गोलियों में 140 देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिसतना को घूटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतकवाद के नौ सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। दुनिया ने यह देख लिया कि जब सिंदूर बारुद बन जाता हैं तो नतीजा क्या होता हैं। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीर भूमि का ही यह सब है ऐसा संयोग बन जाता है। अब आपॅरेशन सिंदूर हुआ उसके बाद पहली जनसभा वीर भूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु में कहा था ष्सौगंध इस मिट्टी की, मै देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं। उन्होंने कहा कि जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज उस कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वह मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं है यह न्याय का नया स्वरुप हैं, यह आपॅरेशन सिंदूर हैं। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समस्त भारत का रुद्र रुप हैं, यह भारत का नया स्वरुप हैं।

उन्होंने कहा कि पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार हैं। आतंक का फन कुचलने की यह ही रीति हैं। यही ही बात है, नया भारत हैं। भारत माता की जय। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला भारत पर आतंकवादी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब मिलेगा। दिन और समय हमारी सेनाए तय करेंगी। और शर्ते भी हमारी होगी। दूसरा एटम गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं हैं। तीसरा आतंकवाद के आकाओं एवं आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग अलग नहीं देखा जायेगा ओर उन्हें एक ही मानेंगे। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलेगा। पूरी दुनियां में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत का प्रतिनिधमंडल विश्वभर में पहुंच रहा है जिसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं। पाकिस्तान को उसका असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत से सीधी लड़ाई जीत नहीं सकता हैं। जब भी लड़ाई होती हैं बार बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती हैं। पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया हैं। आजादी के पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाता था और निर्दोष लोगों की हत्या करता था लेकिन वह एक बात भूल गया कि मोदी यहां सीना तानकर खड़ा हैं, मोदी का दिमाग ठंडा रहता हैं लेकिन लहू गर्म रहता हैं अब तो मोदी की नसों में गर्म लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी।

उन्होंने कहा कि आज वह बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरे, पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन वह इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया पाया वहीं यहां कुछ दूर सीमा पार पाकिस्तान का एयरबेस है, पता नहीं कब खुलेगा और आसीयू में पड़ा हैं। भारतीय सेना के अचूक प्रहार ने इस एयरबेस को तहस नहस कर दिया हैं।

# सिर्फ कैमरे के सामने गरम होता है मोदी का खून : राहुल

एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दिमाग ठंडा तथा खून गरम' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री मोदी को खोखले भाषण देना बंद कर यह बताना चाहिए कि देश के हितों से समझौता क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इधर-उधर की बातें नहीं कर यह बताना चाहिए कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठे सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों से बार-बार भारत को जब अपमानित कर रहे हैं तो करारा जवाब देने की बजाय राष्ट्रीय सम्मान से समझौता क्यों किया जा रहा है। श्री गांधी ने कहा ष्मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया। ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी।

# अहिल्याबाई होल्कर के योगदान और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा औरैया का मेडिकल कॉलेज : योगी
- मुख्यमंत्री ने पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत संगोष्ठी को किया संबोधित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यकर्ता महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा समाज के प्रति किए योगदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं। महापुरुषों को जाति, मत या मजहब के आधार पर बांटा नहीं जा सकता। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अगले 10 दिनों तक जन-जन तक जाकर माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान के बारे में बताएं। देशभर में 21 से 31 मई तक अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वह गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने महापुरुषों को जाति, मत व मजहब के आधार विभाजित करने का प्रयास किया। विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औरैया में माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर स्थापित डिग्री कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने घोषणा की कि वर्तमान सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। छोटी उम्र में विवाह के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और 1725 से 1795 तक अपने 70 वर्ष के जीवनकाल में आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित की। उन्होंने किसानों, नौजवानों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। मुख्यमंत्री ने औरंगजेब और बाबर के समय में तोड़े गए मंदिरों के पुनरोद्धार का जिक्र करते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने मालवा राज से बाहर निकलकर पशुपतिनाथ, रामेश्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और बंगाल तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बनारस की तरह माहिष्मति की साड़ियां और नर्मदा घाट की भव्यता आज भी उनके शासन की गवाही देती है।

प्रदेश में बनेंगे अहिल्याबाई के नाम पर सात हास्टल मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर को नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही थीं, तब भारत में वह एक आदर्श शासन व्यवस्था चला रही थीं।

# अंतरिक्ष स्टेशन, गगनयान और चंद्र अभियानों की तैयारियों में जुटा भारत: इसरो प्रमुख

एजेंसी



कोलकाता। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) के प्रमुख वी. नारायणन ने गुरुवार को बताया कि भारत अपने पहले स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की दिशा में तेज़ी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की श्रेणी में और मजबूत करेगा। कोलकाता के राममोहन मिशन में आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए नारायणन ने बताया कि देश की सुरक्षा और नागरिकों की भलाई के लिए अंतरिक्ष तकनीक का सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे देश की समुद्री सीमा 11 हजार 500 किलोमीटर से भी अधिक है और साथ ही उत्तरी सीमा भी बेहद संवेदनशील है। इन सीमाओं की निगरानी के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।''

57 सैटेलाइट दे रहे हैं सेवाएंनारायणन ने बताया कि वर्तमान में इसरो के 57 उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में कार्यरत हैं, जो मौसम पूर्वानुमान से लेकर सुदूर क्षेत्रों में टेली-एजुकेशन तक विभिन्न सेवाएं दे रहे हैं। इन उपग्रहों की मदद से नागरिकों को समय पर जानकारी मिल रही है, जिससे कई क्षेत्रों में लाभ हो रहा है। 50 टन से अधिक वजनी होगा भारत का अंतरिक्ष स्टेशनइसरो प्रमुख ने बताया कि भारत द्वारा प्रस्तावित अंतरिक्ष स्टेशन का वजन 50 टन से अधिक होगा। यह परियोजना भारत की वैज्ञानिक क्षमता और वैश्विक स्पेस पावर बनने की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। हाल ही में पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन की विफलता पर नारायणन ने कहा कि यह इसरो के शानदार रिकॉर्ड में एक दुर्लभ अपवाद है और इससे भविष्य की योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### सभी अस्पतालों में कराएं फायर सेफ्टी मॉकड्रिल: पाठक

लखनऊ। लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लगने की घटना के बाद हुई जांच में कमेटी की ओर से कई सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सिफारिशों का प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाइयों में पालन कराए जाने के लिए प्रमुख सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पिछले माह 14 अप्रैल को लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लग गई थी। ब्रजेश पाठक के निर्देशानुसार महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने अपने जांच रिपोर्ट में उक्त चिकित्सालय समेत प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाइयों के लिए अग्निशमन के लिए सिफारिशें प्रस्तुत की हैं।

# एटा में आंधी और तूफ़ान से पांच मरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान आंधी और वर्षा जनित हादसों में कम से कम पांच लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एटा के जलेसर तहसील छेत्र में एक बायो डीजल की फैक्ट्री की टीनशेड गिरने से उसमे दबकर फैक्ट्री मालिक विवेक प्रताप सिंह (37) एवं उसके कर्मचारी पुष्पेंद्र ऊर्फ पप्पू (43) की मौत हो गयी।

एटा की अलीगंज तहसील क्षेत्र के जैथरा थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव में टीन शेड गिरने से उसमे दबकर 19 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार सिंह की मौत हो गयी।

इसके अलावा एटा सदर तहसील के जिरसमी गांव में मजराज सिंह (59) की आंधी के दौरान छत से गिरने से मौत हो गयी वहीं एटा तहसील सदर के भागपुर बरौली गांव की दिव्या (30) के ऊपर सोलर प्लेट गिरने से मौत हो गयी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि सभी पांच मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा कोष से चार/चार लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की जायेगी। इसके अलावा दो मृतक भैंसो के स्वामियों को 37500 रुपये की अलग अलग सहायता राशि दी जा रही है।

# आंधी के बाद झांसी के मंदिर परिसर में मृत पड़े मिले एक हजार करीब तोते

- बिजली कौंधने पर आपस में टकराने या फिर बर्ड फ्लू से मौत की आशंकापोस्टमार्टम के बाद बिसरा व सैंपल जांचके लिए भेजे भोपाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में बुधवार को भीषण आंधी तूफान से मंदिर प्रांगण में लगे पीपल के पेड़ पर बैठे सैकड़ों की तादाद में तोतों की मौत हो गयी। वन विभाग की टीम द्वारा कुछ जीवित बचे घायल तोतों का इलाज कराया गया। आशंका है कि देर रात चली आंधी और आकाशीय बिजली कौंधने की वजह से तोते एक दूसरे से टकरा गए होंगे। इस कारण उनकी मौत हो गयी। दूसरी ओर बर्ड फ्लू का अंदेशा भी जताया जा रहा है। पशु चिकित्साधिकारी चंद्रप्रकाश ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद तोतों का बिसरा और सैंपल जांच के लिए भोपाल लैब भेजे गये हैं। इससे मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी। उधर एक साथ भारी संख्या में तोतों की मौत से क्षेत्र में खलबली का आलम हैं।

झांसी जिले में गुरसराए ब्लॉक स्थित सिंगार गांव में एक मंदिर में एक प्राचीन पीपल का पेड़ लगा हुआ है। इस पर बड़ी संख्या में तोते रहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

एजेंसी




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में अंतरिम राहत की गुहार लगाई गई, जबकि केंद्र सरकार का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखते हुए संशोधित कानून के के पक्ष में दलीलें पेश कीं। सुनवाई के दौरान सर्वश्री सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की अगुवाई में याचिकाकर्ताओं ने विभिन्न दलीलों के माध्यम से नए प्रावधानों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने का की गुहार लगाई। दोनों अधिवक्ताओं ने जोर देकर हुए कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह कानून मौलिक धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। श्री सिब्बल ने कहा, नये कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों के अनुपातहीन प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकार के प्रावधान से ''वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार कमजोर हो गया है। वजह यह कि 11 में से 7 सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकते हैं। संसदीय कानून की संवैधानिकता की धारणा पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी का जवाब देते हुए अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि कानून पर रोक लगाने में विफलता अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी, खासकर तब जब जिला कलेक्टर अब यह तय करते हैं कि कोई संपत्ति वक्फ है या सरकारी स्वामित्व वाली है। श्री मेहता ने अदालत के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए याचिकाकर्ताओं के रुख का कड़ा विरोध किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी परंपरा संबंधित वक्फ इस्लाम के तहत एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना संवैधान के दायरे में है। उन्होंने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दान हिंदू धर्म और ईसाई धर्म सहित हर धर्म में मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि दान एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन, उचित खाते और ऑडिट सुनिश्चित करना, सभी प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं।' उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में अधिकतम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होने से वक्फ के धार्मिक स्वरुप पर कोई असर नहीं पड़ता है, क्योंकि ये बोर्ड धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी प्रारंभिक प्रतिक्रिया में केंद्र सरकार ने कहा था कि 2013 से वक्फ भूमि में 116 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 18.29 लाख एकड़ से बढ़कर 39.21 लाख एकड़ हो गई है। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

संशोधित कानून का समर्थन करने वाले हस्तक्षेपकर्ताओं में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली छह राज्य सरकारें भी शामिल हैं।

# जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक : डा. अरूण सक्सेना

## जैव विविधता हमारी सांस्कृतिक जड़ों को आधार प्रदान करता है

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर ''प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गुरूवार को मार्स ऑडिटोरियम, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य मंचासीन अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित 'ग्रीन बजट' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है। धरती पर जीवन के समस्त रूपों को बनाए व बचाए रखने, वनस्पति व पशु पक्षियों की नस्लों में सुधार, स्थानीय समुदाय की औषधि, भोजन, वस्त्र व आजीविका सहित दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है। डा. अरूण सक्सेना ने कहा कि जैव विविधता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जैव विविधता की सराहना के लिए हमें दैनिक जीवन के आस-पास उपलब्ध पेड़-पौधे, वन्यजीव, सूक्ष्म जीव तथा पर्यावरण को इस दृष्टिकोण से देखना होगा कि इनके बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। एक ओर जैव विविधता हमारे जीवन की आवश्यकताओं जैसे खाद्य पदार्थ, प्रकाष्ठ, शुद्ध वायु, मृदा आदि की पूर्ति करता है, वहीं दूसरी ओर जैवविविधता हमें रोगों और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करता है। वन राज्य मंत्री के.पी.मलिक ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के लिए व्यापक जन सहभागिता का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 मई, अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता पृथ्वी को मानव के लिए रहने योग्य बनाता है। प्राकृतिक आपदाओं व बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। इसके अलावा हमारी सांस्कृतिक जड़ों को आधार प्रदान करता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, वरिष्ठ वनाधिकारी, विभिन्न लाइन डिपार्टमेण्ट्स- कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन, वन एवं वन्यजीव विभाग, पर्यावरण एवं पंचायती राज के अधिकारी, अनुसंधान संस्थान, विश्वविद्यालयों एवं जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभाग किया।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक, नेपाल के पास मदरसों पर बुलडोजर कार्रवाई का विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ में गुरुवार को जमीयत उलेमा ए हिंद की यूपी कमेटी की बैठक आयोजित हुई । इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मौलाना सैयद असद रशीदी समेत संगठन के तमाम पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। बैठक में उत्तर प्रदेश के मदरसों और मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़े मामलों पर मंथन हुआ। योगी सरकार के द्वारा नेपाल से सटे जिलों में मदरसों, मस्जिदों और मजारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई पर चर्चा हुई। मदरसों के ऊपर बुलडोजर की कार्रवाई को संविधान विरोधी बताया गया। लखनऊ के बाद अगली बैठक 1 जून को आजमगढ़ में होगी। मदरसों को लेकर इस बैठक में मौलाना अरशद मदनी भी शामिल होंगे। जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना सैयद असद रशीदी ने कहा कि यह रूटीन मीटिंग है। जो देश के हालात है उसको सामने रखकर चर्चा किया जाता है। लोगों को बताया जाता है कि मौजूदा स्थिति के हिसाब से कैसे देश और समाज की सेवा की जाए। वक्फ को लेकर मौलाना ने कहा कि मामला कोर्ट में है वहां चर्चा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट में हमारे संगठन के वकील सबसे आगे हैं, अपनी बात मजबूती के साथ रख रहे हैं। हमें पूरा यकीन है कि संविधान में जो अल्पसंख्यकों को अधिकार दिए हैं सुप्रीम कोर्ट उसकी रक्षा करेगा। मौलाना ने कहा कि वक्फ के मामले को लेकर हम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। नेपाल से सटे इलाकों में मदरसों पर हो रही बुलडोजर की कार्रवाई पर विरोध जताया। मौलाना ने कहा कि संविधान से जो हमें अधिकार मिले हैं यह उसमें सीधे तौर पर हस्तक्षेप है। अगर किसी मदरसे में कमी है तो उसे दूर किया जाना चाहिए , मगर यहां धर्म के आधार पर सीधे टारगेट किया जा रहा है, यह पूरी तरीके से गलत है। मौलाना ने मदरसों में साइंस और मैथ्स पढ़ाये जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मॉडर्न एजुकेशन अच्छी चीज है इसे लागू होना चाहिए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मौलाना ने कहा कि भारत एक बहुत ही मजबूत देश है। यह हमारा मुल्क है हम इसके साथ खड़े थे और खड़े हैं। तुर्की-अजरबैजान के विरोध पर मौलाना ने कहा कि हम भी उन देशों का विरोध करते हैं जो हमारे देश के खिलाफ हैं। वही मौलाना ने जातीय जनगणना का स्वागत किया उन्होंने कहा कि इसमें कोई आपत्ति नहीं है अगर मुसलमान की जाती पूछे जाती है तो इसमें कोई विरोध की बात हम पूरा सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मलिहाबाद में घर में मिला बुजुर्ग महिला का शव, गले पर मिले चोट के निशान

लखनऊ। राजधानी के मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुजासा गांव में गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 75 वर्षीय विधा के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय गजराज की पत्नी थीं। घटना की जानकारी सबसे पहले मृतका के 16 वर्षीय पोते वंश को हुई। वंश सुबह करीब 11 बजे अपने बड़े दादा के घर से लौटकर आया तो उसने अपनी दादी को बेसुध अवस्था में पाया। जब उसने कई बार आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो वह घबरा गया और तुरंत परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। विधा का बेटा करीब दो वर्ष पूर्व गुजर चुका था, जिसके बाद उनकी बहू भी उन्हें छोड़कर मायके चली गई थी। तब से विधा अपने पोते वंश के साथ ही रह रही थीं। मौत की सूचना पर मृतका की तीनों विवाहित बेटियां भी गांव पहुंचीं। बेटियों में से ममता ने दावा किया कि उनकी मां के गले पर संदिग्ध चोट के निशान हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि हत्या हो सकती है। मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि महिला के गले पर निशान पाए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हालांकि, परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मलिहाबाद में तेज आंधी-बारिश से आम की फसल को झटका, कच्चे आम गिरे

लखनऊ। रात में आई आंधी से मलिहाबाद में आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। आंधी से पेड़ों से कच्चे आम जमीन पर गिर गए। आम बागवानों का कहना है कि 10ः से ज्यादा का नुकसान हो गया है। जो आम गिरे हैं, वे फट गए हैं। अब ये सिर्फ अचार बनाने के काम में आएंगे। इससे बाग मालिक निराश हैं। तेज हवाओं से कई पेड़ों की डालियां भी टूट गईं। टूटी डालियों पर लगे आम अब सूख जाएंगे। आम बागवानों के अनुसार इस साल पहले से ही बागों में फसल कम आई थी। मौसम खराब होने और आंधी ने नुकसान और बढ़ा दिया है। किसानों ने बताया कि इस साल फसल में पहले से ही 10 प्रतिशत तक नुकसान होने की आशंका थी। अब आज की आंधी में आम गिरने से इससे भी ज्यादा नुकसान होगा।

### बढ़ता प्रदूषण बच्चों को बना रहा बौना और कुपोषित

लखनऊ। बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय है,इससे बच्चों में कुपोषण और बौनापन जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। यह कहना है केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सूर्यकांत का। वह बुधवार को निजी नर्सिंग कॉलेज में वायु प्रदूषण पर आयोजित जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि वायु प्रदूषण टीबी, निमोनिया, सीओपीडी, और फ़ेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ाता है। बच्चों को विभिन्न समस्याएं देने के साथ गर्भावस्था के दौरान भ्रूण पर प्रतिकूल प्रभाव भी डाल सकता है। इससे नवजात शिशुओं में संक्रमण और जन्मजात बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को सलाह दी कि वह मरीजों से बातचीत के दौरान घरेलू प्रदूषण स्त्रोतों के बारे में पूछें, जैसे कि लकड़ी और कोयले का उपयोग, अगरबत्ती, धूप, पालतू जानवरों के कारण उत्पन्न कण और पैसिव स्मोकिंग। उन्होंने बताया कि सिगरेट के धुएं का केवल 30 फीसदी ही धूम्रपान करने वाला व्यक्ति ग्रहण करता है, जबकि शेष 70 फीसदी वातावरण को प्रदूषित करता है और पास बैठे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है। लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन की ओर से हुए आयोजन में डॉ. अनीता सिंह और डॉ. राजीव खुराना समेत 200 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया।

# समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर तिवारी को मिली जमानत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ की डबल बेंच ने गुरूवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर तिवारी की गिरफ्तारी मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से 754 करोड़ रूपये हड़पने के मामले में जांच पड़ताल करने और इसके बाद गिरफ्तारी करने के संबंध में अपना पक्ष रखा गया। वहीं लखनऊ खण्डपीठ की डबल बेंच ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद विनय शंकर तिवारी को जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विनय शंकर तिवारी के साथ में गिरफ्तार किये गये अजीत पाण्डेय को भी जमानत मिली है। बताया जा रहा है कि सात अप्रैल 2025 को प्रवर्तन निदेशालय ने समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। पूरा मामला विनय शंकर तिवारी के फर्म गंगोत्री इंटरप्राइजेज के बैंक की 754 करोड़ रूपये की रकम हड़पने से जुड़ा हुआ है। विनय शंकर तिवारी के भाई कुशल तिवारी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिर्फ परेशान करने के लिए विनय शंकर की गिरफ्तारी की थी। जिस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने विनय को गिरफ्तार किया था, उससे संबंधित मामले में पहले ही एनसीएलटी एवं एनसीएएलटी ने विनय को क्लीन चिट दिया हुआ है। अभी हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ से विनय शंकर को जमानत मिलने पर पूरे परिवार सहित सभी शुभचिंतकों को बेहद प्रसन्नता है।

### उप्र कोआपरेटिव आधार कार्ड बनाने वाला देश का पहला सहकारी बैंक बना

लखनऊ। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई द्वारा उप्र. कोआपरेटिव बैंक लि. को आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत किया गया है। उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. देश का पहला सहकारी बैंक है, जिसको आधार कार्ड बनाने की एजेंसी नामित किया गया है। यह जानकारी सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बुधवार को यहां दी है। उप्र. कोआपरेटिव बैंक लि. को आधार कार्ड बनाने का काम मिलने पर सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि आधार कार्ड का काम अत्यधिक संवेदनशील है, यह कार्ड भारत के नागरिकों की विशिष्ट व प्रमाणिक पहचान का मजबूत साक्ष्य है। इसमें लापरवाही से काम करने से बड़ी गड़बड़ी हो सकती है। इसलिए इसको एक एसओपी बनाकर, कार्मिकों को प्रशिक्षित कर काम को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग सौरभ बाबू ने कहा कि आधार कार्ड का काम मिलना सहकारिता विभाग की बड़ी उपलब्धि है। शुरूआत में उप्र. कोआपरेटिव बैंक लि. की शाखाओं से आधार कार्ड बनाए जाएंगे।

# प्रमुख सचिव ने आठ आईएफएस अधिकारियों से भेंट कर दी साहित्य व प्रचार सामग्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने गुरूवार को मिशन मुख्यालय में मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भ्रमण पर आए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के आठ अधिकारियों से भेंट की। प्रमुख सचिव ने भेंट के दौरान सभी आईएफएस अधिकारियों को मिशन से संबंधित उपयोगी साहित्य एवं प्रचार सामग्री भेंट की। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने राज्य कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। विशेष सचिव अभिषेक सिंह एवं मिशन के अधिकारियों की ओर से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदेश में कौशल विकास के क्रियान्वयन, नवाचारों तथा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए की जा रही पहलों को साझा किया। प्रमुख सचिव एवं विशेष सचिव ने आईएफएस अधिकारियों के साथ भावी रणनीतियों एवं संभावित समन्वय के अवसरों पर भी चर्चा की, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के साथ कौशल प्रशिक्षण को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, इन्वेस्ट यूपी के महाप्रबंधक राजीव दीक्षित, कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# अखिलेश ने सरकार की ली चुटकी, कहा, 1,93,000 शिक्षक भर्तियों के जुमलाई विज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 2 लाख पदों पर भर्ती का ट्वीट डिलीट करने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव योगी सरकार पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने इसे लेकर दो ट्वीट किए हैं। अखिलेश ने अपने पहले ट्वीट में कहा कि उप्र में जिस तरह से नौकरियों के बारे में की गयी पोस्ट डिलीट कर दी गयी है, वैसे ही नौकरियां भी उप्र से डिलीट कर दी गयीं हैं। लगभग 2 लाख पदों की भर्ती की पोस्ट लगभग 2 दिन के लिए तो पोस्ट करके रखते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। उन्होंने इसे लेकर आज दूसरा ट्वीट किया है जिसमें एक लम्बा चौड़ा पोस्ट किया है। अखिलेश ने 2027 के चुनाव में 'भाजपा की हार का राजनीतिक गणित' समझाते हुए कहा कि मान लिया जाए कि 1 पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या होती = 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी = 4,34,25,000 अखिलेश ने कहा कि ये सभी व्यस्क होंगे अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उप्र की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें तो ये आँकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आयेगा और अगर इनका आधा भी भाजपा का वोटर मान लें (चूँकि भाजपा 50ः वोटरों की जुमलाई बात करती आई है) तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। पुलिस भर्ती के मामले में 'भर्तियों का ये गणित' भाजपा को उप्र में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, अत' ऐसे आँकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव



का नहीं वरन सियासी सच्चाई का आँकड़ा बन चुका है। जैसे ही ये आँकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूट कर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी। इससे भाजपा में एक तरह से भगदड़ मच जाएगी। ऐसे में भाजपा को मतदाता ही नहीं बल्कि प्रत्याशियों के भी लाले पड़ जाएँगे। वैसे भी कुछ निम्नांकित उल्लेखनीय कारणों से भाजपा सरकार के विरोध में, उप्र की जनता पूरी तरह आक्रोशित है और भाजपा को 2027 के चुनाव में बुरी तरह से हराने और हटाने के लिए पूरी तरह कमर कस के तैयार है। उन्होंने कहा कि युवाओं की बेरोजगारी से परेशान है। परिवारवालों के लिए खानपान, दवाई, पढ़ाई, पेट्रोल-डीजल और हर चीज की महंगाई है। महिलाओं का अपमान और असुरक्षा के सरकारी दावे सब फ़ेल हो चुके है। प्रदेश में हर काम में भ्रष्टाचार है। पीडीए का उत्पीड़न और उन पर अत्याचार हो रहा है। शिक्षक, शिक्षामित्र, आशा, आंगनबाड़ी, सहायिका, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की उपेक्षा और अवहेलना की गई है। जनता की बचत पर मिलनेवाले ब्याज का कम होना और उस पर भी टैक्स वसूलना कलाकारों की अभिव्यक्ति पर डर की तलवार। स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, जल व विद्युत आपूर्ति की दुर्दशा और लगातार बढ़ते बिल इन जैसे न जाने कितने मुद्दे हैं, जो भाजपा विरुद्ध जनता में आक्रोश का उबाल ला चुके हैं। उप्र में लोकसभा की पराजय के बाद भाजपा का सारा सियासी समीकरण और साम्प्रदायिक राजनीति का फार्मूला पहली ही फ़ेल हो चुका है, विकास के नाम पर इन्होंने सपा सरकार के बने कामों के उद्घाटन का उद्घाटन मात्र किया है। ऐसे में भाजपा के भावी प्रत्याशियों के बीच ये संकट है कि वो जनता के बीच क्या मुँह लेकर जाएं। इसीलिए उप्र में भाजपा 2027 के चुनाव में अपनी हार मान चुकी है और जाने से पहले हर ठेके और काम में बस पैसा बटोरने में लगी है।

इसीलिए उप्र 'ऐतिहासिक महाभ्रष्टाचार' के दौर से गुजर रहा है। भाजपा की सामाजिक अन्याय, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता पर आधारित समाज को लड़ानेवाली बेहद कमजोर हो चुकी दरारवादी-विभाजनवादी नकारात्मक राजनीति के मुकाबले 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना का महालक्ष्य लेकर चलनेवाली समता-समानतावादी, सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक पीडीए राजनीति का युग आ चुका है। 90ः पीड़ित जनता जाग चुकी है और 'अपनी पीडीए सरकार' बनाने के लिए कटिबद्ध भी है और प्रतिबद्ध भी।

# लविप्रा के दहशत के बावजूद प्राइवेट कम्पनियां खेल रही आंख मिचौली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्रा) के बुलडोजरों से शहर के चारों ओर प्लॉट, रो-हाऊस, रेडी टू मूव मकानों को बनाकर बेचने वाली प्राइवेट कम्पनियों के मालिक, प्रबंधक, एजेंट और सहकर्मी दहशत में है। लविप्रा के दहशत के बावजूद लखनऊ में प्राइवेट कम्पनियां आंख मिचौली खेल रही है।

लखनऊ में प्रवेश करने वाले पांच प्रमुख मार्गो पर इस वक्त धड़ल्ले से जमीनों की प्लॉटिंग का कार्य हो रहा है। इसमें कानपुर रोड पर बंथरा और उसके आसपास, आईआईएम रोड और उसके आसपास, कुर्सी रोड, सुल्तानपुर रोड और सीतापुर रोड पर स्थानीय प्रापर्टी डीलरों द्वारा प्लॉटों की खरीद बिक्री के बोर्ड लगे हुए है। आनलाइन माध्यम से भी प्रापर्टी डीलरों को अच्छे ग्राहक मिल जा रहा है। कानपुर रोड पर तेरह से पन्द्रह सौ रूपये स्कवायर फीट के रेट से प्लॉट बेच रही कम्पनी के प्रबंधक मनीष ने बताया कि लोगों की आवश्यकता के अनुरूप जमीनों की प्लॉटिंग हो रही है। छोटे प्लॉट और बड़े प्लॉट दोनों उपलब्ध है। उनकी नई साइट कानपुर रोड से मोहन रोड वाले मार्ग पर है, जहां पंचायत से नक्शा पास कर वे जमीन बेच रहे हैं। प्राधिकरण की अपनी सीमा है, उनकी कार्रवाई का डर तो रहता ही है। फिर भी कोई ठोस आधार पर ही तो कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में राजाजीपुरम, चौक जैसे पुराने मोहल्लों से बहुत सारे लोग उन्नाव एवं कानपुर रोड की ओर जमीन ले रहे है।

उनका मकसद मनपसंद मकान में रहना है। जमीन के अनुसार वे मकान बनवा रहे हैं। हमारे पास जमीन पर मकान बनवाने का भी विकल्प उपलब्ध है। कुर्सी रोड पर रेडी टू मूव मकानों को बेचने वाले मोहम्मद अयाज ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि जमीनों का रेट दिनरात बढ़ रहा है। इनवेस्टमेंट वाले लोग भी उनके पास आते है। जमीनों को जरूरतमंद के अलावा इनवेस्टर खोजते रहते हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के दायरे के बाहर होने के कारण किसी भी कार्रवाई से वे अभी तक बचे हुए हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों ने कुकरैल पुलिया तक अपनी सीमा तय कर रखी है। उनकी नजर अभी आगे तक पहुंच नहीं सकी है।

### वायदा कम, दावा ज्यादा करने वाले वीरेन्द्र यादव की अनाधिकृत प्लाटिंग ध्वस्त

आईआईएम रोड पर सैदपुर गांव में पचास बीघा में अनाधिकृत प्लाटिंग कर लोगों को 10 लाख से लेकर पन्द्रह लाख तक की जमीनों को बेच रहे वीरेन्द्र यादव के यहां लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चल गया। वीरेन्द्र यादव ने प्लाटिंग के माध्यम से करोड़ों रूपये कमायें तो एजेंटों को लाखों रूपये कमवाने का वायदा कम, दावा ज्यादा किया। अभी प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन चार की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने प्लाटिंग को ध्वस्त कराया है।

# 25 हजार का इनामी डकैत पकड़ा, किसान के घर डकैती के दौरान साथी को मारी थी गोली, गहने बरामद

लखनऊ। राजधाानी में मोहनलालगंज और नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 हजार रुपए के इनामी डकैत बुचऊ प्रधान उर्फ रामजीवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो महीने से फरार चल रहा था। मोहनलालगंज के भेदुवा गांव में किसान गंगाराम के घर डकैती की कोशिश के दौरान आरोपी ने अपने ही साथी को गोली मार दी थी। इसके अलावा, आरोपी ने नगराम में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस इस गिरोह के 7 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बुचऊ की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गौरा तिराहा थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से उसे पकड़ा गया।आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस और गहनों से भरी एक लाल रंग की थैली बरामद हुई। एसीपी रजनीश वर्मा के अनुसार, गिरोह अपनी वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष तरीके अपनाता था। वे मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे। घटनास्थल से 2 किमी पहले खेत में बाइक छिपाकर अंडरवियर-बनियान में वारदात करते थे। आरोपी शरीर पर तेल लगाकर और गमछा लपेटकर खेतों के रास्ते से जाते थे। सीसीटीवी से बचने के लिए सड़क का इस्तेमाल नहीं करते थे। वारदात से पहले घर के आसपास के रास्ते, पुलिस चौकी की दूरी और लोगों के सोने का समय भी देख लेते थे। गिरोह हमेशा अंधेरी रात में वारदात को अंजाम देता था।

# वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डा. नार्लीकर का निधन

मशहूर खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाएं भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं। नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है। धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़ है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी भी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है। लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है। इस निराशाजनक माहौल को सुधारा जा सकता है, बशर्ते हमारे बीच जयंत विष्णु नार्लीकर जैसे वैज्ञानिक, विज्ञान शिक्षक और लेखक हों। एक वक्त में डॉ. नार्लीकर के अंग्रेजी लेखों के हिन्दी अनुवाद देशबन्धु में प्रकाशित होते थे। डा. नार्लीकर बेहद सरल भाषा में खगोल विज्ञान और जटिल वैज्ञानिक जानकारी को समझाते थे। किसी कठिन कार्य के लिए प्रचलित मुहावरा है कि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन देखा जाए तो डा. नार्लीकर ने रॉकेट साइंस को ही आसान बनाकर लोगों तक पहुंचाया था। जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में उत्कृष्टता पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे, उस दौर में डा. नार्लीकर ने विज्ञान के तथ्यों को बहुत सरल और रोचक अंदाज में पेश किया। दूरदर्शन पर प्रसारित ब्रह्मांड नामक शो के माध्यम से नार्लीकर ने बच्चों को रॉकेट और अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया। 80 और 90 के दशक के बच्चे अगर चांद और मंगल को लेकर उत्सुक हुए, विज्ञान में उनकी रूचि जगी या वैज्ञानिक बनने के बारे में वे सोच पाए तो इसका बड़ा श्रेय जयंत नार्लीकर को भी जाता है। जिनकी किताबों और व्याख्यानों को विज्ञान को बोझिल विषय से रोचक विषय बना दिया।

**डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं।**

# तिब्बत और शिंजियांग को लेकर चीन का झूठा दावा

ओम पराशर

चीन के सत्ता प्रतिष्ठान की नीति हमेशा से यह रही है कि वह इतिहास को अपने हिसाब से गढ़ता है और उसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तिब्बत और शिंजियांग जैसे क्षेत्रों पर चीन के 'ऐतिहासिक अधिकार' का दावा है। चीन लगातार यह प्रचार करता आया है कि ये दोनों क्षेत्र प्राचीन काल से उसके अंग रहे हैं, लेकिन जब हम वास्तविक इतिहास और स्वतंत्र स्रोतों को खंगालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि बीजिंग का यह दावा ऐतिहासिक तथ्यों पर नहीं, बल्कि राजनीतिक उद्देश्य पर आधारित है। तिब्बत- जो कभी स्वतंत्र थाः मंगोल और युआन वंश का बहानाचीन यह दावा करता है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से ही उसका हिस्सा है, जब मंगोल सम्राट कुबलई खान के नेतृत्व में युआन वंश ने चीन और आसपास के क्षेत्रों पर आधिपत्य जमाया था। लेकिन सच्चाई यह है कि युआन साम्राज्य मंगोलों द्वारा स्थापित था, न कि चीनी लोगों द्वारा। तिब्बत ने स्वयं को युआन वंश के अधीन कभी नहीं माना। युआन साम्राज्य एक बहु-राष्ट्रीय प्रशासनिक संरचना थी, जिसमें तिब्बत को धार्मिक केंद्र के रूप में स्वायत्तता दी गई थी। छिंग वंश का नाममात्र नियंत्रण1644 से लेकर 1912 तक का छिंग वंश भी चीन का तिब्बत पर दावा करने का आधार बनता है। लेकिन इतिहासकारों का मानना है कि छिंग वंश का तिब्बत पर प्रभाव नाममात्र का था। चीन द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि (अंबान) केवल सलाहकार की भूमिका में थे। तिब्बत का प्रशासन, न्याय, शिक्षा और धार्मिक व्यवस्था पूरी तरह तिब्बती नेतृत्व के हाथ में थी। स्वतंत्र तिब्बत और 1950 का आक्रमण1912 में छिंग वंश के पतन के बाद तिब्बत ने खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वहां स्वतंत्र सरकार बनी, तिब्बती मुद्रा चलने लगी, विदेशों से सीमित राजनयिक संबंध बनाए गए। लेकिन 1950 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने 'शांतिपूर्ण मुक्ति' के नाम पर तिब्बत में अपनी सेना घुसाई और एकतरफा रूप से इसे हड़प लिया। वर्ष 1959 में तिब्बती विद्रोह के बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तब से लेकर आज तक तिब्बत पर चीन का अवैध कब्जा बना हुआ है, और वहां की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मिटाने की कोशिश लगातार जारी है। सांस्कृतिक दमनचीन ने तिब्बती भाषा की जगह मंदारिन थोप दी है। बौद्ध मठों को तोड़कर धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है और दलाई लामा के चित्र रखने तक को अपराध माना जाता है। हजारों तिब्बतियों को जेलों में डाला गया है और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का कोई स्थान नहीं बचा है। शिंजियांग- उइगर संस्कृति पर हमलाः अलग सांस्कृतिक पहचानशिंजियांग, जिसे चीन 'झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र' कहता है, ऐतिहासिक रूप से तुर्किक मूल के उइगर मुसलमानों का क्षेत्र रहा है। इनकी भाषा, परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं चीन की मुख्यधारा से बिल्कुल अलग हैं। यह क्षेत्र सिल्क रूट पर स्थित होने के कारण व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र था।2. चीन का देर से दावा1949 में माओ त्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्ट शासन स्थापित होने के बाद चीन ने शिंजियांग पर नियंत्रण किया। इससे पहले यह क्षेत्र बहुत हद तक आत्मनिर्भर था। चीन ने यहां हान चीनी आबादी को बसाकर जनसांख्यिकीय संतुलन को बदलने की कोशिश की। उइगरों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है जबकि हान चीनी की संख्या लगातार बढ़ रही है।3. दमन और निगरानीचीन ने शिंजियांग में बड़े पैमाने पर 'पुनः शिक्षा केंद्र' बनाए हैं, जहां लाखों उइगर मुसलमानों को जबरन रखा गया है। इन केंद्रों में धार्मिक पहचान मिटाई जाती है, कुरान पढ़ने और नमाज़ पढ़ने पर रोक है, और धार्मिक प्रतीकों को जबरन हटाया जाता है। कई रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन शिविरों में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न आम बात है।4. तकनीकी निगरानी का प्रयोगशिंजियांग विश्व का सबसे अधिक निगरानी वाला क्षेत्र बन चुका है। हर व्यक्ति की गतिविधियों पर कैमरों और चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर से नजर रखी जाती है। मोबाइल ऐप के ज़रिए लोगों की धार्मिक गतिविधियों, यात्रा, बातचीत और यहां तक कि सोने-जागने की दिनचर्या तक पर रिपोर्ट बनती है। चीन की रणनीति- ऐतिहासिक झूठ को दोहराकर उसे 'सच' बनानाबीजिंग की रणनीति साफ है ऽ बार-बार झूठ बोलो ताकि लोग उसे सच मानने लगें। तिब्बत और शिंजियांग को लेकर उसका दावा उसी झूठ का हिस्सा है। लेकिन इतिहास को हमेशा झुठलाया नहीं जा सकता। दस्तावेज़, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, स्वतंत्र शोध और स्वयं वहां के लोगों की पीड़ा चीख-चीख कर यह बता रही है कि चीन ने इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा है और अपनी साम्राज्यवादी नीति को न्यायोचित ठहराने के लिए ऐतिहासिक छल का सहारा लिया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारीअब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चीन के इस ऐतिहासिक झूठ को बेनकाब करे। तिब्बत और शिंजियांग के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा केवल निंदा करके नहीं हो सकती। ज़रूरत है कड़े राजनीतिक, कूटनीतिक और मानवीय हस्तक्षेप की। अन्यथा बीजिंग इतिहास को हथियार बनाकर न केवल इन दो क्षेत्रों को, बल्कि पूरे एशिया को अस्थिर कर सकता है।उल्लेखनीय है कि 1959 में चीन से निर्वासित होने के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भारत में रह रहे हैं। दलाई लामा तिब्बती इतिहास में एक विशिष्ट और अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे सदियों से न केवल आध्यात्मिक गुरु, बल्कि तिब्बत के लौकिक नेतृत्वकर्ता भी रहे हैं। दलाई लामा की परंपरा 14वीं शताब्दी में गेडुन ड्रब से शुरू हुई, जिन्हें मरणोपरांत पहले दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। 17वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक, दलाई लामाओं ने तिब्बत की गैंडेन फोडरंग सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान पोटाला पैलेस का निर्माण हुआ, जो ल्हासा में दलाई लामाओं की आधिकारिक सीट बना। 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, का जन्म 1935 में हुआ और उन्होंने 1950 में तिब्बत की राजनीतिक जिम्मेदारी संभाली। 1959 में चीन के खिलाफ तिब्बती विद्रोह के बाद उन्हें निर्वासन में भारत आना पड़ा। तब से वे धर्मशाला में रह रहे हैं और वहीं निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना की गई। आज दलाई लामा पूरी दुनिया में अहिंसा, करुणा और तिब्बती स्वायत्तता के शांतिपूर्ण संघर्ष के प्रतीक बन चुके हैं। उनका भारत में रहना, न केवल तिब्बती लोगों के लिए बल्कि भारत के लिए भी गहराई से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है।

**तिब्बत ने स्वयं को युआन वंश के अधीन कभी नहीं माना। युआन साम्राज्य एक बहु-राष्ट्रीय प्रशासनिक संरचना थी, जिसमें तिब्बत को धार्मिक केंद्र के रूप में स्वायत्तता दी गई थी। छिंग वंश का नाममात्र नियंत्रण1644 से लेकर 1912 तक का छिंग वंश भी चीन का तिब्बत पर दावा करने का आधार बनता है। लेकिन इतिहासकारों का मानना है कि छिंग वंश का तिब्बत पर प्रभाव नाममात्र का था। चीन द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि (अंबान) केवल सलाहकार की भूमिका में थे। तिब्बत का प्रशासन, न्याय, शिक्षा और धार्मिक व्यवस्था पूरी तरह तिब्बती नेतृत्व के हाथ में थी। स्वतंत्र तिब्बत और 1950 का आक्रमण1912 में छिंग वंश के पतन के बाद तिब्बत ने खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।**

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

विकास सक्सेना

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि इसमें विपक्ष के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार प्राप्त होता है। लेकिन कोई भी राष्ट्र तभी मजबूती से आगे बढ़ सकता है जब इस अधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। बीते कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 'हमारे कितने विमान गिरे' जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया? इस सवाल का सीधा सा जवाब इस बातों में छुपा है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया? भारत उन लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त करने में सफल रहा? बीती 22अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 26 हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछ कर मार डाला। आतंकवादियों की इस करतूत के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आंतकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा। आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है। पहलगांव में हिन्दू पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या सिर्फ हिन्दू मुसलमानों के बीच की खाई को चौड़ा करने के इकलौते उद्देश्य के लिए नहीं की गई बल्कि इसके पीछे का एक और बड़ा लक्ष्य भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति की राह में रोड़े उत्पन्न करना भी था। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के अनुभव के आधार पर भारत विरोधी ताकतें उसे पाकिस्तान के साथ लम्बे युद्ध में फंसाना चाहती थीं जिससे उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित किया जा सके। लेकिन भारतीय रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य कुशलता और कूटनीतिक तैयारियों ने इन ताकतों के मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया। इसीलिए अब भ्रम फैलाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिन लक्ष्यों को लेकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था प्रथम दृष्टया, उससे अधिक सफलता प्राप्त की जा चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख उद्देश्य नरसंहार के दोषियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं को सबक सिखाना था जो सात मई को पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद आतंकवादी अड्डों को नष्ट करके पूरा कर दिया गया। इसके बाद पाकिस्तान में जिस तरह भारत पर हमला किया उसके जवाब में तीनों भारतीय सेनाओं ने अपने अदम्य पराक्रम को प्रदर्शन करके तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारतीय सेना के पराक्रम, युद्ध कौशल और सटीक रणनीति ने पाकिस्तान और उसे हथियार मुहैया कराने वाले चीन और दूसरे देशों के पसीने छुड़ा दिए। जो देश भारत को लम्बे युद्ध में फंसाकर उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित करने का ख्वाव संजोए बैठे थे, अपने विमानों, मिसाइलों और ड्रोनो के लगातार ध्वस्त होने से उसकी चिंता बढ़ गई। खबर है कि भारतीय सेना ने तुर्किये के ड्रोन, चीनी वायु रक्षा प्रणाली एसक्यू 9, चीनी विमान जेएफ 17 और अमरीकी विमान जे 16 समेत कई उन्नत मिसाइलों को मार गिराया। चीन अपनी पीएल 15 मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक मिसाइल बता रहा था इसे भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया और इसका मलबा भारत के पास सुरक्षित है। इसके बाद दुनिया के हथियार बाजार में साख गिरने के डर से चीन और अमेरिका जैसे देशों में हडकम्प मचा हुआ है। जानकारों का कहना है कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ ट्रेड वार को स्थगित कर दिया। भारतीय रक्षा प्रणाली और मिसाइलों के आगे चीन और अमेरिकी हथियारों की विफलता ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार बाजार को एक नया खिलाड़ी दे दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में रक्षा उपकरणों के बाजार में भारत की साख बढ़ेगी, उसकी आर्थिक प्रगति की गति भी तेज होने की उम्मीद है। चीन और दूसरे सहयोगी देशों की हालत देख पाकिस्तान के डीजीएमओ ने घुटनों पर आकर 10मई की दोपहर साढ़े तीन बजे भारत के डीजीएमओ से फोन पर बात कर सीज फायर की गुहार की जिसके बाद लगभग पांच बजे से सीज फायर की घोषणा कर दी गई। किसी भी सैन्य अभियान की सफलता में सैन्य कुशलता और उन्नत तकनीकी के साथ सटीक रणनीति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। शत्रु को हतप्रभ करते हुए हमला करना, उसे घुटनों पर लाकर न्यूनतम हानि के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर बाहर निकलना किसी भी सामरिक अभियान की सफलता का मूल आधार है, जिसे प्राप्त करने में ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना खबरों और विश्लेषणों से कुछ लोगों को लगने लगा था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाएंगे और पीओजेके भारत में शामिल हो जाएगा। जबकि इस अभियान का ऐसा कोई लक्ष्य था ही नहीं। देश के आम लोगों की इसी भावना को भड़काने के लिए राहुल गांधी और कुछ दूसरे नेता तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर विदेशमंत्री एस जयशंकर पर 'मुखबिरी' करने जैसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वे न तो सरकार की सुनने को तैयार हैं और न ही सेना के अधिकारियों की। सवाल पूछने के लोकतांत्रिक अधिकार की आड़ में वे पश्चिमी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडा के तहत लिखे जा रहे समाचारों और भारत विरोधी नेताओं के पाकिस्तान परस्त उन बयानों को तूल देने में जुटे हैं जो भारतीय सैन्य बलों और देश की जनता का मनोबल तोड़ सकते हैं।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

ललित गर्ग

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे? न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके। भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है। राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

**न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है?**

# बाल शोषण की रोकथाम के लिए निरन्तर अभियान चलायें : अपर एसपी

- एएसपी की अध्यक्षता में हुआ विशेष बैठक का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा में पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में विशेष किशोर पुलिस इकाई जनपद बांदा के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा जिसमें बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करने तथा बालश्रम व बाल आत्महत्या पर रोक लगाये जाने के संबंध में ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस व अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं को परस्पर आपसी सहयोग के संबंध मे भी दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान बाल भिक्षावृत्ति, बाल अपराधों, बाल आत्महत्या, बाल विवाह आदि की रोकथाम हेतु व्यापक जागरुकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए। मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस को किशोर न्याय संरक्षण के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाने जाने हेतु निर्देशित किया गया द्य समीक्षा बैठक दौरान क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी सहित अभियोजन कार्यालय, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधीकारी, जीआरपी, एएचटीयू, एसजेपीयू, वन स्टाप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था तथा ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड में दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया जिसमें दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर चोरी होने की सूचना दिया है।बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड दामोदर भोजनालय के गली के अंदर के रहने वाले विनय कुमार गुप्ता पुत्र शिवनारायण गुप्ता जो कस्बे के तिंदवारी रोड बस स्टैंड के पास आकाश कंपनी की एजेंसी लेकर पशु आहार, दाल ,चावल आदि अनाज खरीद और बेचने का काम करता था। तभी 21 मई दिन बुधवार को रात्रि करीब 8रू00 बजे दुकान बंद करके दुकानदार घर चला गया। तभी 21 व 22 मई की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखी बेचे की रकम करीब 75000 हजार रुपए व खाने-पीने का सामान लेकर चले गए हैं। जिसकी सूचना पीड़ित दुकानदार विनय कुमार गुप्ता के द्वारा बबेरू कोतवाली पहुंचकर आज गुरुवार की की सुबह करीब था 10रू30 बजे चोरी की घटना की सूचना दिया है।

# सादीमदनपुर खण्ड दो में उड़ रही खनन नीति की धज्जियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- जिम्मेदारों की सरपरस्ती में जारी है अवैध खनन का खेल
- यमुना की जलधारा में जमकर हो रहा अवैध खनन

बांदा। जिले में अवैध खनन व परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ शासन प्रशासन अवैध खनन को रोकने का दंभ भर रहा है माफिया है कि अवैध खनन परिवहन करने से बाज नहीं आ रहा है। माफिया की मैनेजमेंट पावर लगातार अपना काम कर रही है जिसके चलते कार्यवाही नहीं हो रही है।

लगभग एक पखवारे से संचालित सादीमदनपुर खण्ड संख्या 02 मोरम खदान में दबंग बालू माफिया अवैध खनन का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। चिल्ला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित इस खदान में खनिज विभाग के सारे नियम और कायदे बेमानी साबित हो रहे है। दिन से लेकर रात तक खुलेआम असलहाधारी बदमाशों की फौज के साये में दबंग खनन माफिया गौतम के इशारे पर भारी भरकम प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खुलेआम जारी है। चिल्ला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित मदनपुर बालू खदान खण्ड संख्या दों में खनन कार्य मानक विहीन हो रहे बालू के अवैध सहित नियम कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए हो रहा है। पैलानी प्रशासन की मिलीभगत कहे या फिर खनिज महकमे की रहमदिली जो पैलानी क्षेत्र में चलने वाली बालू की खदान सादीमदनपुर खण्ड दो में इतनी मेहरबानी दिखाकर बालू के लूट के खेल को खुलेआम मंजूरी देकर बालू कारोबारियों का मनोबल बढ़ा रही है। सादीमदनपुर खण्ड संख्या दों में सफ़ेद रेत की लूट का कारोबार इस समय अपने चरम पर है। चेहरे पुराने काम भी पुराना और लूट के तरीके बस समय के साथ बदल गये हैं। पहले की सरकारों में मनमर्जी से बालू माफिया अपने कारोबार को अंजाम देते थे, निजाम बदलते ही अब इस लूट के कारोबार को अंजाम देने के लिये मैनेजमेंट गुरूओं की मदद से चलाया जाता है। सूत्रों के अनुसार अवैध खनन की लूट का मास्टरमाइंड इस समय खनिज अधिकारी राजरंजन की आंखों का तारा बना हुआ है। रंजन के राज में खनन माफिया की तूती बोल रही है। खनन माफिया का कहना है कि किसी भी अधिकारी की इतनी औकात नहीं जो सादीमदनपुर खण्ड संख्या 02 की खदान की तरफ आंख उठाकर भी देख ले। अब देखना यह है कि इस खदान में खनिज विभाग के जिम्मेदारों की निगाहें कब पड़ती हैं। कब और कौन इस काले कारोबार पर लगाम लगाकर बालू माफिया पर नकेल कसेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बैंक कर्मी ने दिया कोतवाली में प्रार्थना पत्र

शुक्लागंज-उन्नाव। आरबीएल बैंक किस्त लेने जानकारी करने गए बैंक कर्मी के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। वही कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया है। लोन वसूलने जाना बैंक कर्मचारियों को भारी पड़ गया। पूरा मामला बैंक कर्मी मन्तशा ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि आरबीएल बैंक स्टॉप हैं। और गंगानगर शुक्लागंज के निवासी है। वही उन्होंने बताया कि लगभग दोपहर 2 बजे गंगानगर निवासी गौसिया मस्जिद रुकसार पत्नी राजू के यहा पूछताछ के लिए उनके घर गए थे। घर पर जाकर पूछताछ की तो रुकसार के पति राजू व उनके द्वारा बुलाए गए कुछ अज्ञात लोगों ने जबरन अभद्रता करने लगे और धमकी देने लगे। और इस दौरान मेरे साथ मेरे सहयोगी के साथ भी मारपीट की गई। वहीं उन्होंने बताया कि राजू नशे की हालत में था। हालात बिगड़ते देख मदद के लिए तत्काल डायल 112 मिलाया तब जाकर मदद मिली और सब भाग गए। वही पीड़ित ने गंगघाट कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं पुलिस कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू को भेजा जेल।

## पेड़ से लटकता मिला लापता दिव्यांग व्यक्ति का शव

परियर-उन्नाव।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में दो दिनों से लापता दिव्यांग व्यक्ति का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ पर लटकता मिला। परियर चौकी क्षेत्र के मंगलू तेली पुत्र सुरजू उम्र 55 निवासी रायपुर। सोमवार साम 6बजे किसी बात को लेकर लडके से कहा सुनी हो गई थी उसी बात को लेकर नाराज घर छोड़कर घर से चले गए थे।बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के बाहर नीम के पेड़ से शव लटक मिला, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक मंगलू की पत्नी का नाम शिवकली है दो लड़की और दो लडके है दो लड़कियों की शादी हो चुकी है बड़ा लड़का राजेश जो बचपन से सुन नहीं सकता छोटा लड़का सुखवीर का रो रो कर बुरा हाल है।

## डीएम के आदेश को हवा में उड़ा रहे पेट्रोल पम्प स्वामी, ना हवा की व्यवस्था,ना पीने के पानी की

शाहजहांपुर। जनपद के मुखिया जिलाधिकारी महोदय द्वारा वाहन स्वामियों के हितार्थ दिए गए आदेशों को पेट्रोल पंप स्वामी हवा में उड़ा रहे हैं।कही किसी पंप पर हवा पानी नहीं है तो किसी पम्प पर शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं है।जनपद के मोहम्मदी रोड स्थित किसी भी पेट्रोल पम्प पर शौचालय जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था नहीं है।एक दो पैट्रोल पंपों को छोड़ दें तो बाकी पेट्रोल पंपों पर पीने का पानी और हवा तक की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। मालूम हो कि शाहजहांपुर डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने एक सप्ताह पूर्व ही जनपद के पेट्रोल पम्प स्वामियों के साथ बैठक कर सभी पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने आने वाले वाहनों के लिए हवा,पीने के लिए पानी, रेडिएटर के लिए पानी, शौचालय, विकलांग के लिए शौचालय में रैम्प बनवाने की व्यवस्था,तत्कालिक स्वास्थ्य सेवा मुहैय्या कराने को लेकर आदेश जारी किए थे।आदेश को जारी हुए एक सप्ताह से जारी हुए ज्यादा समय बीत गया लेकिन पेट्रोल पम्प स्वामियों ने जिलाधिकारी महोदय के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया।यदि ठीक तरीके से जांच हो जाए तो साठ फीसदी से ज्यादा पंपों पर पीने का पानी तक नहीं है। शाहजहांपुर से हरदोई रोड स्थित एक पम्प को छोड़कर अन्य किसी पर कोई व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ी।

## आंधी ने मचाई तबाही, आम की फसल को नुकसान

सफीपुर-उन्नाव। देर रात चली तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं की चपेट में आकर जहां कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटकर गिर गए, वहीं बागवानी क्षेत्र में आम की फसल को भी खासा नुकसान पहुंचा है।तेज हवाओं के कारण पेड़-पौधे धराशायी हो गए, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। सफीपुर क्षेत्र में आम की बागवानी बड़े पैमाने पर होती है।तेज हवाओं के साथी हुई बूंदा बांदी से किसान चिंतित नजर आए। तहसील क्षेत्र अंतर्गत सफीपुर नगर सहित बृजपालपुर,मवई लाल, पीखी, गौरी, दरौली, ओसियां , कुसैला, उनवा, जटपुरवा, नरहरपुर, बम्हना आदि गांवों में तेज तूफान आम की फसल को काफी नुकसान हुआ है बड़ी मात्रा में अमिया (कच्चे आम) पेड़ों से टूटकर गिर गई हैं, जो अब किसी काम की नहीं रहीं इससे आम के उत्पादन में भारी गिरावट आएगी।

# फसलों के अवशेष जलाये नहीं, खेत में सड़ाकर भूमि को उपजाऊ बनाए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। प्रदेश का प्रतिवेदित क्षेत्रफल 235.14 लाख हे0 है, जिसमे 165 लाख हे0 से अधिक में खरीफ एवं रबी की फसलें उगाई जाती है। खरीफ में लगभग 58.96 लाख हे0 धान जबकि रबी में लगभग 97.88 लाख हे0 में गेहूँ की फसल बोई जाती है। प्रदेश में धान, गेहूँ के अतिरिक्त 21 लाख हे0 क्षेत्र में गन्ने की फसल बोई जाती है। इन फसलों की कटाई के उपरान्त पर्याप्त मात्रा में पुआल, भूसा एव गन्ने की पत्तियों के अवशेष बचते हैं। इनमें से गेहूँ/जौ फसल अवशेषों का भूसा पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग किया जाता है, जब कि चारे का पुआल एवं गन्ने की सुखी पत्तियां सामान्य पशुओं (गाय भैंस) के चारे साथ-साथ बिछावने के रूप में प्रयोग किया जाता है। विगत कुछ वर्षों से मजदूरों की समस्यायें एवं आधुनिक कृषि यंत्रों यथा कम्बाइन हार्वेस्टर के प्रयोग से कटाई करने पर लगभग 01 से 1.5 फिट की ऊँचाई के फसल अवशेष अथवा सूखी पत्तियां खेत में रह जाती है जिन्हें जलाने की प्रवृत्ति प्रदेश के कतिपय जनपदों में होती रही। इन फसल अवशेषों के जलाये जाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि खेतों में मित्र कीटो, मित्र जीवों के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य/ उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव भी परिलक्षित हो रहे हैं।

पौधों के बढ़वार हेतु 16 पोषण तत्वों की आवश्यकता होती है, जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन प्रकृति से प्राप्त होता है। ये तत्व पौधों के लगभग 95 प्रतिशत भाग के निर्माण में सहायक है। उक्त के अतिरिक्त नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर तथा सूक्ष्म पोषण तत्व के रूप में लोहा, जिंक, आयरन, बोरॉन, मॉलिब्डेनम, कॉपर, क्लोरीन जैसे तत्व पौधों के बढ़वार एवं उत्पादन में सहायक होते हैं।

जब किसान भाई खरीफ, रबी, जायद की फसलों की कटाई, मढ़ाई करते है तो जड़ तना, पत्तियों के रूपों में पादप अवशेष भूमि के अन्दर एवं भूमि के ऊपर उपलब्ध होते हैं। इनको यदि लगभग 20 किग्रा. यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी पलटाने वाले हल से / रोटोवेटर से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग बीस से तीस दिन के भीतर जमीन में सड़ जाते हैं जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एवं अन्य तत्वों की बढ़ोत्तरी होती हैं। फलस्वरूप फसलों के उत्पादन पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष को खेत में सडाने से फसल उत्पादन में कई लाभ होते है। एकीकृत पोषण तत्व प्रबंधन के घटक के रूप में फसल अवशेष भी अहम योगदान प्रदान करता है। फलस्वरूप मृदा में कार्बनिक पदार्थ की बढ़ोतरी से मृदा जीवाणु की क्रियाशीलता बढ़ती है जिसके कारण उत्पादन पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। वातावरण को विपरीत परिस्थितियों से बचाने में सहायक दलहनी फसलों के फसल अवशेष भूमि में नत्रजन एवं अन्य पोषण तत्वों की मात्रा बढ़ाने में सहायक होते है। फसल अवशेष कम्पोस्ट खाद बनाने में सहायक है जो कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं में लाभदायक है। पादप अवशेष मल्च के रूप में प्रयोग करने में मृदा जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों को खरपतवारों से बचाने में सहायक होते है। मृदा के जीवांश में हो रहें लगातार ह्यस को कम करने में योगदान करता है। मृदा जलधारण क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। मृदा वायु संचार में बढ़ोत्तरी होती है। कृषक भाई फसल अवशेष जलाते हैं तो उनसे कई हानियां होती है। फसलों के अवशेषों को जलाने से उनके जड़ तना, पत्तियों में संचित लाभदायक पोषण तत्व नष्ट हो जाते है। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती हैं जिसके कारण मृदा के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पादप अवशेषों में लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव भी पड़ता है। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। प्रदेश सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। फसलो की जड़ से कटाई हेतु हार्वेस्टिंग मशीन के साथ स्ट्रारीपर विद बाइण्डर के प्रयोग करने पर बल दिया गया है। प्रदेश सरकार इसके लिए विभिन्न कृषि यन्त्रों में किसानों को आवश्यक छूट भी दे रही है। सीटू, योजना में यन्त्रों को सुगमता से कस्टम हायरिंग केन्द्र एवं फार्म मशीनरी बैंक से यन्त्र प्राप्त कर किसान भाई खेत की पराली/अवशेष का प्रबंधन कर सकते हैं। रबी फसल के भूसे को बेचकर आय अर्जित कर सकते है। किसानों के लिए यह लाभदायक भी है। जनपदों के किसान इसका लाभ ले रहे हैं। किसानों की पराली संग्रह कर गौशालाओं में रखने हेतु सरकार ने मनरेगा अथवा वित्त आयोग से धनराशि की व्यवस्था की है।

# अज्ञात लोग नवजात शिशु को सीएचसी में छोड़ा

- अधीक्षक ने नवजात शिशु को चाइल्ड लाइन को किया सुपुर्द

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। बबेरू सीएचसी में बीती रात्रि एक नवजात शिशु को अज्ञात लोगों ने छोड कर चले गए, दूसरे दिन अधीक्षक ने चाइल्ड लाइन बांदा को बुलाकर सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया है।

बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 मई दिन बुधवार की रात्रि करीब 9रू40 पर एक अज्ञात नवजात शिशु को अज्ञात लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी के बाहर रखी कुर्सियों में छोड़कर चले गए, जिसको ड्यूटी पर तैनात एक वार्ड बॉय ने देखा तो डॉक्टर को सूचना दिया, तभी नवजात शिशु का चेकअप करवाया गया। और डिलीवरी के बाद जो बच्ची को टीके लगते हैं, उसको भी लगवाया गया। उसके बाद सीएचसी अधीक्षक के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा को देखा तो एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति जो मुंह बांधे हुए थे, वह नवजात शिशु को छोड़कर जाते दिख रहे है। पुलिस के द्वारा अज्ञात महिला और व्यक्ति की पहचान जांच पड़ताल में जुट गई है।वह पुलिस के द्वारा अधीनस्थ टीम चाइल्ड हेल्प बांदा को सूचना दिया। जिसमें आज गुरुवार की दोपहर करीब 1रू00 सीएचसी बबेरू में टीम पहुंची जहां पर नवजात शिशु को लिखा पढ़ी करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश सिंह स्टाफ नर्स अनीता सिंह के द्वारा अधीनस्थ टीम चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा के सदस्य शिवसंपत सुपरवाइजर एवं श्रीमती रचना देवी सुपरवाइजर को सही सलामत नवजात शिशु को सुपुर्द कर दिया गया है। इस मौके पर सीएचसी का अन्य स्टॉप के लोग मौजूद रहे।

# बीएसए ने भूमि पूजन कर किया योजना का शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सफीपुर-उन्नाव। मुख्यमंत्री कंपोजिट अभ्युदय योजना के अंतर्गत विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अटवा स्थित कंपोजिट विद्यालय में शिक्षा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह द्वारा विधिवत हवन-पूजन कर भूमि पूजन कर योजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल रहा। योजना के तहत विद्यालय में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की प्रयोगशालाएं, स्टाफ रूम, किचन, किचन यार्ड, बैडमिंटन कोर्ट, गार्ड रूम, दिव्यांग शौचालय आदि आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय संजय यादव, जिला समन्वयक (निर्माण) सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर अनीता शाह, विद्यालय के प्रधान शिक्षक नरेंद्र कुमार मौर्य,आशुतोष श्रीवास्तव,अमरेंद्र सिंह, प्रधान पुत्र दिनेश कुमार और ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही सभी ने इस योजना की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम बताया।

# विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का हुआ जोरदार स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शुक्लागंज-उन्नाव। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का गुरुवार को उन्नाव आगमन हुआ, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिले के शुक्लागंज क्षेत्र में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पंकज गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी से किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी जगह-जगह फूल बरसाकर और नारों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन गंगाघाट क्षेत्र के एक भव्य गेस्ट हाउस में किया गया था। शहर में हाल ही में पास हुए नवीन गंगापुल को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस पुल के निर्माण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष रूप से सराहना की और कहा कि यह क्षेत्र की यातायात व्यवस्था के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। उन्होंने बताया कि शुक्लागंज के आधे लोग प्रतिदिन कानपुर आते-जाते हैं और पुराने पुल पर अत्यधिक ट्रैफिक के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नए पुल के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि लोगों का समय भी बचेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर क्षेत्र में हुए कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर प्रदेश के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंचा रही है। गंगा पुल, सड़कों का चौड़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था और जन सुविधाओं से जुड़े तमाम कार्यों पर तेज़ी से काम चल रहा है। सतीश महाना ने कहा कि हाल ही में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की भव्यता ने न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक शक्ति और प्रशासनिक क्षमता का परिचय कराया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बदल रहा है, और यह बदलाव हर जिले, हर गांव तक पहुंच रहा है। इस मौके पर विधायक पंकज गुप्ता जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरूण सिंह, अवधेश कटियार, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, केडी त्रिवेदी, उमा गुप्ता, कमलेश सिंह, दुर्गा तिवारी, सुरेश शुक्ला, महेश चंद्र शुक्ला, मनीष जायसवाल, सूर्य कुमार बाजपेई, आदित्य त्रिपाठी, अमरेन्द्र गुप्ता, विशाल त्रिपाठी, धर्मेन्द्र सोनकर, अभिषेक शुक्ला, जैनेन्द्र शुक्ला, शिव प्रसाद सोनकर, अशोक तिवारी, राजकुमार पाल, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, अंकुर शुक्ला, जितेन्द्र सिसोदिया, प्रमोद पासी, प्रत्यय गुप्ता मौजूद रहे।

# जमौर क्षेत्र में तेल फैक्ट्री पर प्रशासन के छापे से खड़े हुए कई सवाल

- आखिर इतना ज्यादा मात्रा में तेल का उत्पादन कैसे होता है
- जब तेल एक तो बीस से अधिक ब्रांड कैसे बनाए जाते
- सच्चाई जानकर तो हर कोई हैरान हो जाएगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। नकली सरसों के तेल की फैक्ट्री पर जिला प्रशासन की छापेमारी में बरामद भारी मात्रा में तेल के मामले में जहां प्रशासन सकते में है वहीं जागरूक लोगों का भी कहना है कि इतनी काफी ज्यादा मात्रा में सरसों का तेल तो हो ही नहीं सकता।दिखाने के लिए कबाड़ प्लास्टिक गोदाम की आड़ में फाटक के अंदर बने काफी बड़े बड़े गोदामों में टैंकर से तेल निकालने से लेकर पीपों में तेल भरने तक की ऐसी व्यवस्था तो काफी बड़े ब्रांड की कंपनियों में भी नहीं होगी।बताया जा रहा है जिस समय गोदामों पर प्रशासन ने छापा मारा उस समय एक टैंकर तेल उतरकर जा चुका था जबकि दूसरा टैंकर से तेल निकालने को पाइप फिट किया जा रहा था।सोचने वाली बात की जमीन के अंदर कितना बड़ा टैंक बना हुआ है जो 14 14 हजार लीटर के दो टैंकर का तेल जमीन के अंदर बने टैंक में भर जाए। अलग अलग ब्रांडो के लगभग सोलह हजार पीपा तेल मौके से बरामद हुआ था जिसमें फॉर्च्यून, रथ, राजस्थानी कोल्हू, अमृत, रोग, त्रिशक्ति, आगरा ब्रांड सरसों का तेल, सागर, राजधानी कोल्हू, रथ, क्लासिक रिफाइंड, अंजलि शुद्ध सरसों का तेल, आम्रपाली सरसों तेल, किंगलेट, अन्नपाली कच्ची घानी, सहित 18 ब्रांडो की पैकिंग हो रही थी साथ ही 14000 हजार लीटर तेल टैंकर में भरा था जोकि गोदाम के जमीन के अंदर बने टैंक में भरा जा रहा था।।टैंकर के ड्राइवर इरफान ने बताया कि वह ये तेल इस्लाम नगर बहजोई बदायूं के हाजी जी की गोदाम से भरकर लाया है।। 7 तरह के तेल का भरा गया नमूना। मौके पर कई पीपे ऑयल किया गया सील। थाना कांट क्षेत्र के यूपीएसआई डीसी जमौर के आम्रपाली इंडस्ट्रीज और सागर इंडस्ट्रीज में प्रशासन ने मारा छापा।ये तेल कंपनी का लाइसेंस बरेली फरीदपुर के किसी कारोबारी का बताया गया है।इधर एडीएम अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर जनपद में एक दर्जन से अधिक इसी तरह की फैक्ट्रियां संचालित हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## 315 बोर का एक अवैध तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

शुक्लागंज-उन्नाव। कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा के अनुसार, चंदन घाट, जाजमऊ निवासी विक्रम निषाद ने मंगलवार को थाना गंगाघाट में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 2 बजे रामऔतार निवासी अभिषेक निषाद और विशाल निषाद अवैध तमंचे के साथ उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज तथा मारपीट करने लगे। जब पीड़ित परिवार ने जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने विक्रम के भतीजे सुमित को गोली मार दी। इसके बाद आरोपियों ने हवाई फायरिंग करते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौका देखकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना गंगाघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की। जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनय कुमार यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी अभिषेक निषाद को जाजमऊ गंगापुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया है।

# राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव ने डीएम से की मुलाकात

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहॉपुर। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने लखनऊ से आए राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव भंवर सिंह कुशवाहा के साथ मिलकर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से मुलाकात करके अवगत कराया कि भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को द्वारा जनपद शाहजहॅपुर में दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण प्रदान किये जाने हेतु पत्र दिव्यांग विभाग को प्राप्त होने पर भी अभी तक भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जनपद में ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाना था। शिविरों में यथा स्थान पर दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करके उच्च तकनीकी युक्त कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाना था। परन्तु अभी तक नही हुआ। इसी सम्बन्ध में जब राष्ट्रीय एकता मंच के महासचिव भवर सिंह कुशवाहा को जानकारी प्राप्त हुयी तो उन्होने आज लखनऊ से शाहजहॉपुर आकर दिव्यांगों जनों के सहायतार्थ सम्बन्धित अधिकारियों से बार्ता की।

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्या – 51255336 दिनांक: 22.05.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255336 | Supply, Installation and Commissioning of Pressurized Flushing System for all LHB Coaches as per Specification MMDTS-19027 Rev.3. | 400 Set | 20.06.2025 |

www.ireps.gov.in

1507/2025

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

www.ireps.gov.in

वाराणसी

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गोला गोकर्णनाथ स्टेशन का लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में गोला गोकर्णनाथ स्टेशन का लोकापर्ण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरी रहे।

अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क में रेलवे स्टेशनों को बेहतर बनाना और आधुनिक बनाना है इस अमृत भारत स्टेशन योजना में स्टेशनों के निरंतर विकास के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण है इसमें विभिन्न स्टेशन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान बनाना और उन्हें चरणों में क्रियानवित करना शामिल है इन सुधारो में स्टेशन की पहुंच को बेहतर बनाना,प्रतीक्षा क्षेत्र शौचालय की सुविधा,आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एसकेलेटर की स्थापना,स्वच्छता,मुफ्त वाईफाई की पेशकश,एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क स्थापित करना,यात्री सूचना प्रणाली को बढ़ाना और प्रत्येक स्टेशन की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना आदि शामिल है।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा वंदना गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह,ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा,अवधेश मिश्रा ,विनोद वर्मा,शिव मंदिर अध्यक्ष जनार्दन गिरी,राम मोहन सोनी,पंकज गुप्ता,भोली गिरी,विजय मिश्रा,पवन गुप्ता, सुरजनलाल वर्मा,रेलवे अधिकारी आरके सिंह,रजनीश गुप्ता व नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग के चलते पड़ोसी प्रेमी के साथ भागी विवाहित महिला

अजान खीरी। प्रेम प्रसंग के चलते अपने ससुराल से मायके आई महिला गांव के ही पड़ोसी प्रेमी विपिन कुमार के साथ फरार हो गई। बताया जा रहा है कि युवती की शादी करीब एक माह पहले मैगलगंज थाना क्षेत्र के एक गाव से एक युवक के साथ हुई ।इस घटना से महिला के परिवार बाले सदमे में हैं। जिसके बाद महिला के पिता ने हैदराबाद थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान क्षेत्र के ग्राम शहाबुद्दीन पुर निवासी राम सिंह चक्रती की पुत्री मंजू देवी की शादी 16 अप्रैल को हिन्दू रिति रिवाज के साथ मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया के प्रदीप कुमार के साथ बड़ी धूमधाम के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन सब ठीक ठाक चलता रहा। युवती के मायके वाले उसको हाल ही में विदाई कर अपने घर लाये थे। इसके बाद युवती के ससुराल वाले विदाई के लिए आने वाले थे। इस दौरान शाम को पड़ोसी प्रेमी संग युवती फरार हो गई। युवती के परिवार बाले काफी देर तक उसकी तलाश करते रहे। लेकिन युवती का कुछ पता नहीं चला।

# नीमगांव में मोबाइल दुकान में चोरी





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● लैपटॉप, समेत 12 कीपैड मोबाइल और 5 हजार की नगदी उठा ले गई चोर, एग्जॉस्ट फैन तोड़कर चोरी

लखीमपुर खीरी। जिले के अंतर्गत थाना क्षेत्र नीमगांव में चोरों का आतंक निरंतर जारी है, वहीं नीमगांव कस्बे में एक मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में चोरी की वारदात सामने आई है, दुकान के मालिक सोने लाल उर्फ सोनू वर्मा ने पुलिस को बताया कि चोरी की घटना विगत रात 21 मई की है चोरी की जानकारी,जब हुई जब पीड़ित दुकानदार सुबह समय करीब 10 बजे अपनी दुकान बालाजी मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर पहुंचे, दुकान का शटर खोलते ही उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था,दुकान में लगा एग्जॉस्ट फैन टूटा हुआ था, जिससे पता चला कि चोर इसी रास्ते से अंदर घुसे थे। चोर एक लैपटॉप, 12 कीपैड मोबाइल फोन और मरम्मत के लिए आए 3 एंड्रॉइड फोन ले उड़े, साथ ही दुकान के गल्ले में रखे 5 हजार रुपए की नकदी भी चोरी हो गई, सोने लाल उर्फ सोनू ने घटना की जानकारी आनन- फानन में स्थानीय पुलिस को दी,सोने लाल मूल रूप से ग्राम दरी नगरा,थाना मितौली लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नीमगांव आलोक धीमान ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जाएगी।

# बोरिंग कर पेट्रोलियम पदार्थों की खोज कर रही कम्पनी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील सदर व गोला क्षेत्र के दर्जनों गांवों की सीमा में खेतों में लाल-नीली खूंटीयां लगाई गई थी जिसे लेकर किसानों व ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। यहां तक कि कोई भी विभाग जानकारी नहीं दे पा रहा था प्रशासनिक अधिकारी भी असमंजस में थे सभी के लिए रहस्य बनी लाल-नीली खूंटीयों से आखिरकार पर्दा उठ गया है। और यह साफ हो गया की यह एक संकेतक पेट्रोलियम पदार्थ खोजी कंपनी अल्फा जिओ इंडिया लिमिटेड द्वारा लगाई गई थी जिसमें कई तरह से टेस्टिंग व डेटा जुटाया जा रहा है।जिसमें एक टीम तीन किलोमीटर दूरी पर दो इंच चौड़ी करीब 180 फीट गहरी बोरिंग करके मिट्टी का सैम्पल व दूसरी टीम 10मीटर से 20मीटर की दूरी में 60 से 80 फिट गहरी बोरिंग कर एक्सप्लोजी ब्लास्ट करके तीन किलोमीटर की एरिया का डेटा स्टूमेंट (सेंसर मशीन) के जरिये एकत्र करती है, वहीं इस हलचल को 20 किलोमीटर लम्बी बिछाई गई सिंगल केविल लाइन के जरिये डेटा सेटेलाइट के जरिये जुटाती है। पेट्रोलियम पदार्थों की खोज कर रही है। ग्राम शेरपुर व सेमरई ,कोरैया, कंधरापुर, देवकली, कोटवारा आदि की सीमा में बोरिंग के यंत्रों को लेकर पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग अल्फा जिओ इंडिया लिमिटेड की तरफ से पेट्रोलियम पदार्थों की खोज कर रहे हैं, जिसमें 180 फिट गहरी बोरिंग कर सेंपल लैब भेजा जाएगा। जिसमें कम्पनी के इंजीनियरों द्वारा चिन्हित स्थान पर बोरिंग कर डेटा एकत्र किया जा रहा है।

## गोला के 5 वर्षीय छात्र ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखनऊ केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 5 वीं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में नगर गोला गोकर्ण नाथ के मोहल्ला अर्जुन नगर कालोनी के पार्थ पुत्र प्रवीण कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में सभी जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पार्थ ने इससे पूर्व सात बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं पार्थ का यह आठवां पदक है। पार्थ उमा देवी चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा -3 के छात्र हैं पार्थ ने अंडर 29 किलो ग्राम क्योरुगी वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इस नन्हे खिलाड़ी की उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है बल्कि पूरे जनपद के लिए भी प्रेरणादायक है। इसकी सफलता अन्य छात्र /छात्राओं को भी खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

# पीलीभीत बस्ती हाईवे पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

## न्याय की उम्मीद में भड़का जनआक्रोश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश की जनता का भरोसा जब कानून व्यवस्था से उठने लगे, तो उसका विस्फोट अक्सर सड़कों पर दिखाई देता है। खीरी थाना क्षेत्र के लोनियपुरवा गांव के निवासी अवधराम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद ऐसा ही एक मंजर बुधवार को सामने आया, जब परिजनों ने न्याय की मांग में पीलीभीत-बस्ती हाईवे को शव के साथ जाम कर दिया। गांव के पास खेत में अचेत अवस्था में पाए गए अवधराम को परिजन अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि हत्या है, और पुलिस की निष्क्रियता ने उन्हें सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया। हाईवे जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन सवाल उठता है—आखिर कब तक जनता को न्याय पाने के लिए सड़क पर शव रखने पड़ेंगे? यह घटना न केवल प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार घटते कानून के भरोसे को भी उजागर करती है। यदि समय रहते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया होता और आरोपियों की गिरफ्तारी की होती, तो शायद यह विरोध प्रदर्शन टल सकता था।

अवधराम की मौत और उसके बाद का जन आक्रोश प्रदेश की कानून व्यवस्था को आईना दिखाता है। अब ज़रूरत है कि प्रशासन केवल भीड़ को संभालने तक सीमित न रहे, बल्कि न्याय सुनिश्चित कर ग्रामीण जनता के विश्वास को फिर से स्थापित करे। सीओ सदर रमेश तिवारी ने बताया शव के साथ बैठी महिला परिजनों को समझाकर हाईवे जाम खुलवाया गया। वहीं पुलिस पर हल्का बल प्रयोग कर परिजनों को खदेड़ने के आरोप निराधार है और पुलिस आरोपियों को पकड़ने हेतु सक्रिय हैं जल्द पुलिस को कयाबी मिलेगी।

## थाना धौरहरा पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

धौरहरा खीरी। जनपद खीरी में कप्तान संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में, प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तीन वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान निम्न रूप से की गई है: रऊफ पुत्र सिरताज निवासी मोहल्ला कोरियाना, कस्बा व थाना धौरहरा, उम्र लगभग 50 वर्ष। यह अभियुक्त मु.सं. 35/25, अ.सं. 1104/2000, धारा 379/411 भारतीय दंड संहिता, थाना नीमगांव के तहत वांछित था। राज मोहन पुत्र बेचेलाल निवासी मोहल्ला मनिहारवार्ड, थाना धौरहरा, उम्र लगभग 27 वर्ष। यह अभियुक्त मु.सं. 36/21, धारा 323 भारतीय दंड संहिता, थाना धौरहरा के तहत वांछित था।

# संक्षिप्त समाचार

## वायरल वीडियो ने खोली शारदानगर पुलिस की पोल रकम लेकर मामले के निस्तारण का आरोप

लखीमपुर खीरी। शारदानगर थाना पुलिस पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी उजागर किया है कि कैसे कुछ तथाकथित पत्रकार, मोटी रकम लेकर पुलिस को बचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। घटना शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव झमपुरवा की है, जहां के निवासी साबित अली पुत्र अब्दुल अली ने करीब पांच माह पूर्व गांव के ही तालिब को 20,000 रुपये उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब साबित अली ने अपनी रकम वापस मांगी तो तालिब लगातार टालमटोल करता रहा। आखिरकार, थक-हारकर पीड़ित ने शारदानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और समझौते का रास्ता सुझाया। पुलिस की मौजूदगी में साबित अली और तालिब के बीच बातचीत हुई और अंततः तालिब ने 20,000 रुपये वापस करके समझौता कर लिया। लेकिन इस दौरान की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसमें रकम की गिनती थाने में होते हुए स्पष्ट देखी जा सकती है। इस वायरल वीडियो के सामने आते ही पुलिस की किरकिरी शुरू हो गई। पुलिस विभाग पर आरोप लगने लगे कि थाने में न्याय दिलाने की बजाय मामले को पैसे के बल पर ''निपटाया'' गया। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह रही कि इस मामले को दबाने के लिए कुछ तथाकथित पत्रकारों द्वारा पैसे लेकर पुलिस के पक्ष में खबरें चलाई गईं, ताकि वायरल वीडियो को झूठा और भ्रामक साबित किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि शारदानगर पुलिस द्वारा मामले को सुलझाने के नाम पर थाने में रकम का लेन-देन कराया गया, जो स्वयं में संदेहास्पद है। वहीं, पुलिस द्वारा ''बचाव मोड'' में आकर कुछ मीडिया चैनलों और पोर्टलों के जरिए अपने पक्ष में खबरें प्रसारित करवाना भी गंभीर सवाल खड़े करता है। अब निगाहें जिला प्रशासन व पुलिस अधीक्षक पर।

## अयोध्या में लक्ष्मण गेस्ट हाउस का भव्य शुभारंभ समाजसेवी सुरेश यादव ने फीता काटकर किया



राम नगरी अयोध्या में मानस भवन के पीछे खाले का पुरवा में आज एक नई सुविधा का शुभारंभ हुआ। लक्ष्मण गेस्ट हाउस का उद्घाटन समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संस्था के अनेक पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। श्री सुरेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि यह गेस्ट हाउस संस्था के मीडिया प्रभारी श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह गेस्ट हाउस अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। गेस्ट हाउस के प्रोपराइटर श्री संतोष कुमार सिंह ने इस मौके पर कहा कि समाजसेवी संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव द्वारा उद्घाटन कराया जाना हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस में रामभक्तों और पर्यटकों को कम कीमत पर उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जाएंगी। इस शुभ अवसर पर कृष कुमार मांझी, दुर्गा माझी, रंजीत निषाद, रामप्रताप गोस्वामी अनिल बर्मा, वासुदेव यादव धर्मेंद्र, महेंद्र उपाध्याय समेत संस्था के सैकड़ों सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और श्रद्धाभाव से भरा रहा।

# हड्डी रोग निवारण शिविर का शुभारम्भ आज से

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। भारतीय योग संस्थान के नियमित निशुल्क आदर्श योग साधना केंद्र श्री चित्रगुप्त कायस्थ धर्मशाला गढ़ी रोड लखीमपुर में आज प्रातः 5=15 वजे से 5 दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का शुभारम्भ विधि-विधान से किया गया। शिविर की शुरूआत माँ सरस्वती व संस्थान संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । स्तुति वंदना विजय लक्ष्मी अग्रवाल व वीना मिश्रा ने मधुर स्वर मे प्रस्तुत की । हड्डी रोग निवारण कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य कार्यक्रम प्रभारी/क्षेत्रीय प्रधान/संचालक शशिकांत श्रीवास्तव ने वताया । आसनों की श्रंखला में टांगों की सूक्ष्म क्रियाएं,गहरे लंबे श्वास. ओम ध्वनि. गायत्री मंत्र भावार्थ सहित. भुजाओं. हाथ. कलाई व कोहनी की सूक्ष्म क्रियाएं राम वहादुर मित्रा क्षेत्रीय प्रधान तथा अश्वत्थासन ,कमल किशोर बरनवाल क्षेत्रीय प्रधान. त्रिकोण आसन भाग 1 अरविंद कुमार वर्मा क्षेत्रीय प्रधान. मार्जरी आसन शिवराम वर्मा जिला मंत्री. तिर्यक भुजंग आसन प्रेमपाल वर्मा क्षेत्रीय प्रधान. बालक्रीड़ा आसन कामिनी मिश्रा जिला मंत्री महिला. मर्कटासन उमाशंकर त्रिवेदी प्राणायाम अन्तर्गत गहरे लंबे श्वास. अनुलोम विलोम जिला मन्त्री ने.ध्यान नरेश चंद्र वर्मा प्रांतीय प्रधान पूर्वी उत्तर प्रदेश ने सम्पन्न कराया । शिविर मे हड्डी रोग का अर्थ. कारण व सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण बातो की जानकारी. बहुत से साधक साधिकाओ की पश्न जिज्ञासाओ का समाधान डाक्टर अमरनाथ सलूजा.सीनियर सर्जन आरथोपैडिक .सलूजा नर्सिंग होम द्वारा करते हुए हड्डी रोग निवारण के विभिन्न योगासन स्वयं करके दिखाए व बताए गए।जिन्हे उपस्थित समुदाय ने सराहा व डाक्टर साहब की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा शिविर मे पुनः आने का अनुरोध किया ।।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने अपने उदबोधन मे संस्थान का परिचय देते हुए वताया कि भारतीय योग संस्थान का केन्द्रीय कार्यालय व अनुसंधान केन्द्र रोहिणी दिल्ली मे है। संस्थान के देश विदेश मे 4200 से अधिक योग साधना केंद्र चल रहे है जो पूर्णतया निःशुल्क है। अपने जनपद मे महिलाओ व पुरुषो के 35 केन्द्र संचालित हो रहे है तथा संस्थान नये केंद्र खोलने को कटिबध्द है।

संस्थान जिला संरक्षक सेवक सिंह अजमानी ने अपने अनुभवो को साझा करते हुए कहा कि हमारा नारा है बुढापे की जंग योग के संग कई बार अस्वस्थ्य होने के बाद वह अपने को योग से ठीक करने के कई संस्मरण भी बताए एवम अपने आशीर्वचन सहित नियमित योगाभ्यास करने की अपील की ।।

आज कार्यक्रम मे लगभग एक सैकडा साधक साधिकाओ व कई वच्चो ने उत्साहपूर्ण उपस्थित दर्ज कराई । मुख्य रूप से केंद्र प्रमुख राजेश श्रीवास्तव. सह प्रभारी कार्यक्रम सरोज गुप्त. अर्चना गुप्त. मुकेश सक्सेना. राजनरायन वर्मा. संजीव गुप्ता.प्रेम सागर गिरी व अमित त्रिलोकी जी का सराहनीय योगदान रहा। यह शिविर 5 दिन लगातार चलेगा ।

# सीएचसी फरधान में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ, यज्ञ व भंडारे का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ, भजन, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ मास के बृहस्पतिवार को कीर्तन मण्डली ने संगीतमयी सुंदरकांड पाठ व भजन गाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में बने पंचमुखी हनुमान मन्दिर में यज्ञ में आहुति दिलवाई। यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकडो भक्तो ने प्रसादी ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने करवाया। सीएचसी प्रभारी डॉ अमित बाजपेई ने कहा कि समस्त टीम के सहयोग से धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र नगर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया है सुबह से बराबर शाम तक भंडारा का आयोजन चलता चला रहा है सीएचसी परिसर में धार्मिक कार्यक्रम में सीएचसी टीम व क्षेत्रवासियों ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। धार्मिक आयोजन में सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई सहित मेडिकल स्टाफ व सैकड़ों श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# विभिन्न यजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिली नगर पंचायत अध्यक्षा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी, समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने विभिन्न योजनाओं को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले।यह मुलाकात उनके आवास कालिदास मार्ग लखनऊ में की गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा सर्व प्रथम बडहा बाबा स्थान पर पुनः आवागमन शुरू करने की अपील की गई।उसके बाद मैलानी के सौंदर्यीकरण हेतु 2.0 अमृत योजना के अन्तर्गत सीवर सेज ट्रीटमेंट,पेय जल योजना,नगर में डिग्री कालेज,स्टेडियम निर्माण,रोडवेज बस स्टैंड और मैलानी नगर के सीमा विस्तारण हेतु चकबंदी विभाग द्वारा सुआबोझ से वन विभाग से जमीन अधिग्रहण हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई,इसके साथ ही सुआबोझ के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस पर मुख्यमंत्री के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी को आश्वासन दिया कि मैलानी नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## युवक की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

सफीपुर-उन्नाव। चचेरे भाई के तिलक में शामिल होने चंडीगढ़ से आए युवक ने घर मे रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया परिजन निजी अस्पताल ले गए जहा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहा जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हाऊज भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र गाव सकहन राजपूतान निवासी श्याम बाबू उर्फ मनोज 20 वर्ष पुत्र शिवशंकर पासी चंडी गढ़ में रहकर मजदूरी करता है 22 मई को चचेरे भाई राजाबाबू पुत्र राजेन्द्र के तिलक में शामिल होने 21 मई को घर आया था। बुधवार देर शाम घर से बाहर निकला कुछ समय बाद वापस आया तो मुह से झाग निकल रहा था यह देख परिजनों ने परियर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहा जाते समय रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। चाची रामदुलारी ने बताया कि होली के त्योहार पर घर आकर वापस गया था 19 मई को वापस आया तो घर मे सब हसी खुशी चल रहा था।

# विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता के द्वारा मैलानी स्टेशन का हुआ उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। मैलानी में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअल उद्घाटन किया गया और विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता के द्वारा मैलानी स्टेशन का उद्घाटन किया गया उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर मिश्रा भी थे मैलानी स्टेशन का 'अमृत स्टेशन योजना के तहत 08.15 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है मैलानी स्टेशन पर बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाया गया है इसके अतिरिक्त यात्रियों के लिए उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय,वातानुकूलित रिटायरिंग रूम, महिला एवं पुरुषो के लिए कामन प्रतीक्षालय और वी.आई.पी लाउंज का प्रावधान किया गया है स्टेशन परिसर में पीने का ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर,खान-पान के लिए फूड स्टाल तथा रेल यात्रियों को बिना परेशानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु आरक्षित व अनारक्षित टिकट खिड़की ए.टी.वी.एम की सुविधा भी दी गयी है कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सुरेश कुमार 'इलेक्ट्रिक, गोरखपुर, अश्वनी कुमार तिवारी ''इंजीनियरिंग,, लखनऊ के साथ सुश्री रितिक ''कमर्शियल,, लखनऊ और मो.आरिफ ''सिग्नल टेलीकॉम)सीतापुर से और मैलानी रेलवे स्वास्थ्य विभाग के डॉ सौरभ पांडे और फार्मासिस्ट बत्ती लाल मीणा मौजूद रहे सुरक्षा की जिम्मेदारी मैलानी आर.पी.एफ पोस्ट इंचार्ज विरेन्द्र कुमार और मैलानी थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने मय फ़ोर्स के सम्भाली।

# एसआरएच के खिलाफ आरसीबी की निगाहें शीर्ष दो में स्थान मजबूत करने पर

एजेंसी



लखनऊ। पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। बेंगलुरु का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान लगी उंगली की चोट से उबरने के बाद अब वह फिर नेट्स पर खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं जो आरसीबी के लिए अच्छा संकेत है। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी बहुत प्रभावी रही है जबकि जोश हेजलवुड और यश दयाल ने तेज गेंदबाजी विभाग में मुश्किल ओवरों को आसानी से पूरा किया है। हेजलवुड हालांकि अपने कंधे की चोट से उबरने की वजह से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी इस मैच और उसके बाद के लिए उपलब्ध हैं। पिछले साल फाइनल तक पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। टीम इसी लय को जारी रखने और इस सत्र को जीत से समाप्त करने की कोशिश करेगी। एसआरएच के अभियान में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने बीच बीच में अच्छी पारियां खेली लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर सके जिसके कारण टीम तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है। कप्तान पैट कमिंस और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उनकी गेंदबाजी इकाई संघर्ष करती दिखी है।

# एफआईएच प्रो लीग 2024-25 : यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत बने कप्तान

एजेंसी



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह चरण 7 से 22 जून 2025 तक नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है जबकि मिडफील्ड के दमदार खिलाड़ी हार्दिक सिंह उपकप्तान बने रहेंगे। भारतीय टीम अपने यूरोपीय सफर की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड्स के खिलाफ दो मैचों से करेगी, इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। ये सभी मुकाबले एम्सटेलवीन के वागनर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को बेल्जियम से मुकाबला होगा। टीम में दो गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को चुना गया है। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप ज़ेस, जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी राज कुमार पाल, नीलकांता शर्मा, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह जैसे खिलाड़ियों को दी गई है। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे आक्रामक खिलाड़ी टीम में शामिल हैं। भारत ने इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर में खेले गए होम लेग में आठ मैचों में से पांच जीतकर 15 अंक जुटाए और वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस लीग की टॉप टीम को 2026 एफआईएच वर्ल्ड कप में सीधी एंट्री मिलेगी, ऐसे में भारतीय टीम यूरोपीय लेग में अधिक से अधिक अंक बटोरना चाहेगी।

## आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, ''रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।

# खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 की बदौलत नए पंख लगाकर उड़ान भरने को तैयार 'दीव'

एजेंसी



दीव। दीव का नाम शायद आपने बहुत कम सुना होगा, लेकिन अब यह सब बदलने जा रहा है और इसका श्रेय जाता है खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2025 को। यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इन खेलों ने दीव को दोबारा राष्ट्रीय चेतना में ला दिया है और भारत के सबसे सुंदर समुद्र तटीय शहरों में से एक दीव अब इन खेलों की बदौलत नए पंख लगाकर उड़ान भरने को तैयार है। हालांकि इसकी पहली नींव पिछले साल स्थानीय प्रशासन ने रखी थी, जब उसने भारत में पहली बार किसी समुद्र तट पर मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया था। यह आयोजन उसी घोघला बीच पर हुआ था, जो खेलों इंडिया बीच गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इस केंद्रशासित प्रदेश में एक लंबा समुद्री किनारा है और नागोआ और घोघला जैसे शानदार समुद्र तट हैं। दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के सचिव (खेल एवं युवा मामले विभाग) डॉ. अरुण टी ने एक बयान में कहा, ल्लपर्यटन के दृष्टिकोण से, केआईबीजी दीव की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनोखे तटीय आकर्षण को उजागर करेगा। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित होगा। देशभर से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और हमारा संघ प्रदेश एक पसंदीदा तटीय और खेल पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। डॉ. अरुण टी ने कहा, खेलों के संदर्भ में ये खेल स्थानीय युवाओं के मध्य बीच और जल क्रीड़ाओं की लोकप्रियता बढ़ाएंगे, जमीनी स्तर पर भागीदारी को प्रोत्साहन देंगे और स्वास्थ्य व उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। इस आयोजन के लिए विकसित की गई अवसंरचना दीर्घकालिक विरासत छोड़ जाएगी, जिससे भविष्य में और भी ऐसे आयोजनों की मेजबानी संभव होगी और सालभर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। पर्यटन की बढ़ती संभावना को लेकर डॉ. अरुण ने कहा कि हम सभी हितधारकों के साथ मिलकर इन खेलों की सफल मेजबानी सुनिश्चित करने और इस पहल के माध्यम से हमारे खिलाड़ियों, नागरिकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक लाभ पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पेंचक सिलाट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर चुके प्रसन्ना बेंद्रे केआईबीजी 2025 के खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह दीव के निवासी हैं। वह दीव में इन खेलों के आयोजन को पर्यटन और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद फायदेमंद मानते हैं। प्रसन्ना कहते हैं कि ये हमारे लिए अच्छा होगा। अगर हमारी अर्थव्यवस्था बेहतर होगी, तो सभी खेलों और खेल अवसंरचना को फायदा मिलेगा। इस साल के खेलो इंडिया बीच गेम्स में कुल छह मेडल गेम और दो डेमो गेम शामिल किए गए। मेडल गेम्स में सेपक टकरॉ, ओपन वॉटर स्विमिंग, बीच वालीबॉल, बीच कबड्डी, पेंचक सिलाट और बीच साकर शामिल हैं जबकि मलखंब और रस्साकशी को डेमो गेम के तौर पर शामिल किया गया है। इस साल भारत के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 1300 से अधिक एथलीट 19 से 24 मई के बीच इन खेलों में भाग लेने के लिए दीव पहुंचे हैं। खेलो इंडिया बैनर के तहत आयोजित यह पहला बीच गेम्स है। खेलो इंडिया योजना के खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास के तहत 19 से 24 मई, 2025 तक दीव, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में खेल आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बीच गेम्स को बढ़ावा देना और बीच गेम्स की पहुंच और लोकप्रियता को बढ़ाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीरज चोपड़ा फिर से पोलैंड में होने वाली प्रतियोगिता में वेबर के लिए चुनौती पेश करेंगे

**चोरजोव (पोलैंड)।** पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फ़ेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे। इस सत्र की अहम प्रतियोगिता सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप होगी जहां वह अपना खिताब बचाएंगे। अब चोपड़ा को कमर की समस्या नहीं हैं जिसने पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया है। सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। चोपड़ा ने दोहा में कहा था, ''मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। उन्होंने कहा, ''इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं। पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता चोपड़ा के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब, ट्रॉफी का सूखा खत्म किया

**बिलबाओ, स्पेन।** टोटेनहम ने बुधवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है। टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। जॉनसन ने कहा, ''इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की। इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

### दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। मुंबई इंडियंस इस जीत से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी। आईपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''मुकेश कुमार ने अनुच्छेद 2.2 के लेवल एक के उल्लघंन को और मैच रेफरी का जुर्माना स्वीकार कर लिया है। इसके अनुसार, ''आचार संहिता के लेवल एक उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला मान्य होता है। मुकेश ने बुधवार को अपने चार ओवरों में 48 रन दिए और दो विकेट लिए। उनके आखिरी ओवर में तीन छक्के और दो चौकों से 27 रन बने।

### इस आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की चिंता सलामी जोड़ी को लेकर रही: बदानी

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स शानदार शुरुआत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नॉकआउट चरण में आगे नहीं बढ़ पाई और मुख्य कोच हेमंग बदानी का कहना है कि पूरे सत्र में सलामी जोड़ी नहीं ढूंढ पाना ही टीम की विफलता का एक कारण रहा। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जो पिछले सात मैच में उनकी पांचवीं हार भी थी। दिल्ली कैपिटल्स ने 13 मैच में सात सलामी जोड़ी को आजमाया लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली और अब टीम शनिवार को अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। बदानी ने यहां मीडिया से कहा, ''एक अच्छी सलामी जोड़ी तभी मिलती है जब वह आपको अच्छी शुरुआत दे। अगर आपको शुरुआत नहीं मिलती है, तो आपको उस कमी को पूरा करने के लिए बदलाव करने होते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर आप दूसरी टीमें देखें कि जिन्होंने शानदार शुरुआत की है और पावरप्ले में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन हम वैसी शुरुआत नहीं कर पाए और इसलिए हमें वे बदलाव करने पड़े।

# ब्रिक्स बैंक एनडीबी ने अल्जीरिया को बनाया नया सदस्य

एजेंसी

बीजिंग। ब्रिक्स देशों के न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) ने अल्जीरिया को एक नए सदस्य के रूप में शामिल किया है। एनडीबी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अल्जीरिया ने 19 मई को एनडीबी के समझौता अनुच्छेदों के प्रावधानों के अनुरूप अपना प्रवेश पत्र जमा कर दिया है। बैंका का मुख्यालय चीन के शहर शंघाई में है। एनडीबी के अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ ने अल्जीरिया का स्वागत करते हुए कहा, '' अल्जीरिया न केवल उत्तरी अफ्रीका की अर्थव्यवस्था में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और निश्चित रूप से वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में एनडीबी की स्थिति को बढ़ाने में योगदान देगा। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, गतिशील अर्थव्यवस्था और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के साथ अल्जीरिया में वृद्धि एवं विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि एनडीबी अल्जीरिया के लिए एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो इसके सतत विकास एजेंडे का समर्थन करता है। अल्जीरिया के वित्त मंत्री अब्देलक्रीम बुजर्ड ने कहा, '' हमें न्यू डेवलपमेंट बैंक में अल्जीरिया की सदस्यता को औपचारिक रूप दिए जाने तथा इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान का पूर्ण सदस्य बनने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, '' यह सदस्यता वैश्विक विकास के वित्तपोषण में इस संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका में हमारे विश्वास का प्रमाण है। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच निर्धारित अंतराल पर एनडीबी की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्षता संभालते हैं। अभी इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एनडीबी की स्थापना 2015 में समूह के सदस्य देशों में विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए की गई थी।

## प्रमुख फसलों को हाल में हुई बारिश से नुकसान नहीं, बल्कि उत्पादन बढ़ेगा: कृषि सचिव

नयी दिल्ली। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बाद हाल में हुई बारिश से प्रमुख फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि इससे ग्रीष्मकालीन फसल उत्पादन की संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मौसम प्रणाली पर चतुर्वेदी ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के बाद अचानक वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाएं वर्ष के इस समय आमतौर पर देखी जाती हैं। हालांकि, उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी मौसम स्थितियों की ''अप्रत्याशितता एवं गंभीरता'' की ओर इशारा किया। चतुर्वेदी ने कहा, अचानक हुई बारिश से अब तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इससे मूंग, मक्का और धान जैसी ग्रीष्मकालीन (जायद) फसलों को फायदा होगा। कृषि सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण पके हुए आम और लीची के फल गिर सकते हैं।

# जेन-जी, मिलेनियल्स नौकरी संबंधी फैसलों में प्रगति व सीखने को देते हैं प्राथमिकता : सर्वेक्षण

एजेंसी

मुंबई। ऑटोमेशन और जनरेटिव एआई (जेनएआई) के साथ निरंतर विकसित होते कार्यस्थलों और बदलती अपेक्षाओं के मद्देनजर करियर की प्रगति और सीखने के अवसर भारत के युवा कार्यबल के नौकरी के फैसले को प्रभावित करने वाले शीर्ष कारकों में से हैं। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट की ओर से बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। डेलॉयट इंडिया की 'चीफ हैप्पीनेस ऑफिसर' सरस्वती कस्तूरीरंगन ने कहा, '' भारत के 'जेन-जी' और 'मिलेनियल्स' न केवल भविष्य के अनुरूप काम करने के तरीकों के हिसाब से खुद को ढाल रहे हैं, बल्कि वे इसे आकार भी दे रहे हैं। 85 प्रतिशत लोग साप्ताहिक 'अपस्किलिंग' में लगे हुए हैं और नौकरी के दौरान सीखने को प्राथमिकता दे रहे हैं, वे जेनएआई जैसी प्रौद्योगिकियों के साथ मिलकर चुस्त, उद्देश्य-संचालित करियर बना रहे हैं। 'जेन-जी' 1997 से 2012 के बीच और 'मिलेनियल्स' 1981 से 1996 के बीच जन्म लेने वाले लोगों को कहा जाता है। कस्तूरीरंगन ने '2025 डेलॉयट ग्लोबल जेन-जी एंड मिलेनियल्स सर्वे' का हवाला देते हुए कहा कि नियोक्ताओं के लिए यह विकास, नवाचार और निरंतर सीखने पर आधारित संस्कृति का निर्माण करने का संकेत है। सर्वेक्षण में पाया गया कि करियर की प्रगति और सीखने के अवसर उन शीर्ष कारकों में से हैं जो युवा कार्यबल के लिए नौकरी के फैसले को प्रभावित करते हैं। हालांकि, 'मेंटरशिप' (अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन) की कमी है क्योंकि लगभग आधे उत्तरदाता प्रबंधकों से सक्रिय 'मेंटरशिप' चाहते हैं, लेकिन बहुत कम को यह मिलती है। यह '2025 डेलॉयट ग्लोबल जेन-जी एंड मिलेनियल्स सर्वे' वैश्विक दृष्टिकोण से प्राप्त अंतर्दृष्टि पर आधारित है। इसमें 809 भारतीय पेशेवरों की प्रतिक्रियाएं शामिल हैं जिनमें से 505 जेन-जी और 304 मिलेनियल्स थे। सर्वेक्षण से पारंपरिक शिक्षा के मूल्य के बारे में बढ़ती शंकाएं उजागर हुईं, क्योंकि कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या तेजी से बदलते नौकरी बाजार में केवल औपचारिक डिग्री ही पर्याप्त है? इसमें 94 प्रतिशत से अधिक जेन-जी और 97 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स ने कहा कि वे सिद्धांत से अधिक व्यावहारिक अनुभव को महत्व देते हैं। इसके अलावा, सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 52 प्रतिशत जेन-जी और 45 प्रतिशत मिलेनियल्स उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से असंतुष्ट हैं। साथ ही 36 प्रतिशत जेन-जी और 40 प्रतिशत मिलेनियल्स ने लागत संबंधी चिंताओं की बात कही। इस बीच, भारत में 33 प्रतिशत जेन-जी और 29 प्रतिशत मिलेनियल्स ने कहा कि वे हर समय या अधिकतर समय तनावग्रस्त या चिंतित महसूस करते हैं।

## एनएसई आईपीओ: सेबी चेयरमैन ने कहा, 'सभी लंबित मुद्दे जल्द सुलझा लिए जाएंगे'

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि एनएसई आईपीओ से जुड़े सभी लंबित मुद्दे जल्द ही हल हो जाएंगे। एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का प्रस्ताव सेबी के पास लंबित है, क्योंकि बाजार नियामक को इसको लेकर कुछ चिंताएं हैं। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर पर पांडेय ने पत्रकारों से कहा, '' सभी लंबित मुद्दों का समाधान किया जाएगा और हम आगे बढ़ेंगे। एनएसई और सेबी बातचीत कर रहे हैं। वे मुद्दों का समाधान कर रहे हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि यह मामला सुलझ जाएगा।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये से लेकर 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,310 रुपये से लेकर 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वनों की अंधाधुंध कटाई और प्रदूषण जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा

■ अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित गंगा द्वार पर नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जीव-जंतुओं, पौधों, सूक्ष्मजीवों और पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अभियान के तहत विलुप्त होती गौरैया, गंगा में निवास करने वाली डॉल्फ़िन, कछुएं आदि की तस्वीरों के साथ पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन एक अद्भुत ताना-बाना है, जिसमें सभी जीव-जंतु, वनस्पति और सूक्ष्मजीवों की अहम भूमिका होती है। ये पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने के साथ-साथ स्वच्छ जल, वायु, मिट्टी, भोजन, औषधियां और अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रदान करते हैं। किंतु वनों की अंधाधुंध कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विश्व जैव विविधता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि इस अमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण न केवल आज की आवश्यकता है, बल्कि भावी पीढ़ियों की ज़िम्मेदारी भी है। हिमालय क्षेत्र भारत की जैव विविधता में केंद्रीय भूमिका निभाता है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सतत विकास और वन्यजीव सुरक्षा के ठोस प्रयास ज़रूरी हैं। इस आयोजन में सदाशिव द्विवेदी, श्रीनिवास शर्मा, प्रणव देव, शोभा मिश्रा, कैलाश नाथ, सर्वज्ञ द्विवेदी, चंद्रमौली सहित अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने भागीदारी की और जैव विविधता संरक्षण की शपथ ली।

## शराब के गोदाम में पुराने स्टॉक को लेकर प्रशासन की संयुक्त छापेमारी

जालौन। जालौन के उरई में बुधवार को अंग्रेजी शराब के गोदाम पर पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त छापेमारी की। उरई कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड स्थित गोदाम में 2022-23 का पुराना स्टॉक रखे होने की सूचना मिली थी। सीओ अर्चना सिंह के नेतृत्व में टीम ने गोदाम में रखी शराब की पेटियों और स्टॉक का मिलान शुरू किया। गोदाम में मौजूद हजारों पेटियों के बिल, बैच नंबर और निर्माण तिथि की जांच की जा रही है। विभागीय रिकॉर्ड के साथ स्टॉक का मिलान भी किया जा रहा है। सीओ अर्चना सिंह ने बताया कि अभी गोदाम को सील नहीं किया गया है। स्टॉक और दस्तावेजों के मिलान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जांच में 2022-23 की एक्सपायर्ड या अवैध शराब मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

# यूपी-112 पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट व सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में 5 गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। थाना सरपतहां पुलिस ने यूपी-112 के पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर की गई।घटना के संबंध में गुरुवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि घटना 21 मई की रात करीब 11:03 बजे की है। यूपी-112 को सूचना मिली कि कोइरीपुर में चंद्र कुमार को बंधक बनाकर मारपीट की जा रही है। मौके पर पहुंची पीआरवी 2327 के कमांडर हेड कांस्टेबल बलवंत पाल और ड्राइवर होमगार्ड सुनील कुमार को कुछ लोगों ने घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज की और सरकारी काम में बाधा डाली। इस घटना का वीडियो भी वायरल किया गया। पुलिस ने हेड कांस्टेबल बलवंत पाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज कुमार, जियालाल, आलोक कुमार उर्फ सचिन, देवेन्द्र और करीना शामिल हैं। इनमें से चार आरोपी कोईरीपुर के रहने वाले हैं, जबकि एक सुलतानपुर का रहने वाला है।थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में चार उप-निरीक्षक और सात अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 221, 132, 352 BNS और 7 CLA ACT के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# झांसी में भीषण गर्मी में चरमरायी बिजली व्यवस्था, लोग बेहाल, विभाग नाकाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

झांसी। बुंदेलखंड के झांसी में इन दिनों बिजली विभाग की नाकामी चरम पर है और लगभग पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी महानगर की बिजली व्यवस्था को सुचारू करने में विद्युत विभाग नाकाम नजर आ रहा है। इसी का नतीजा है कि लोग इस भीषण गर्मी में दिन-रात बिजली की घंटों हो रही कटौती से बेहाल हैं।

झांसी में इन दिनों पारा 44-45 के आस पास या पार तक जा रहा है और बुधवार को तो यह 46 पार कर गया, ऐसे में लंबे समय से यहां आमलोग बिजली की जबरदस्त किल्लत से जूझ रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि झांसी का महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज भी बिजली की भीषण किल्लत से नहीं बच पाया है। मेडिकल कॉलेज में बुधवार देर रात हुई बिजली की कटौती के बाद जनरेटरों की मदद से किसी तरह विभिन्न विभागों में व्यवस्था को बनाये रखने का काम किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक सिंह ने आज बताया कि बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज की बिजली गुम हो गयी, ऐसे में विभिन्न विभागों में काम कर रहे 14 जनरेटरों ने बैकअप देना शुरू किया लेकिन रात 12 बजे के आस पास नदारद हुई बिजली सुबह आठ बजे के बाद आयी। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में इतने अधिक समय के लिए बिजली न होने से जनरेटरों की मदद से मेडिकल में काम व्यवस्थित तरीके से चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पडा। इमरजेंसी में अत्याधुनिक मशीनों से होने वाली जांच प्रभावित हुई क्योंकि बाकी लोड के साथ इन मशीनों का सामान्य रूप से काम कर पाना संभव नहीं हो पाया। डॉ सिंह ने भी बिजली की इतनी लंबी कटौती से मेडिकल कॉलेज के सामान्य कामकाज के प्रभावित होने की बात की। उन्होंने कहा कि झांसी मेडिकल कॉलेज में आस पास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की तादाद बहुत अधिक है और इमरजेंसी में भी काफी भीड़ रहती है। ऐसे में यदि लंबे समय तक बिजली नहीं आती है तो तमाम तरह की परेशानियां आती हैं। विद्युत विभाग को जिलाधिकारी ने भी महानगर की बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने और रोस्टर तैयार करने, कटौती से पहले लोगों को सूचित करने के निर्देश दिये हैं लेकिन विभाग इन सभी निर्देशों का पालन कर पाने में फिलहाल तो पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। जिस फीडर की ओवरलोडिंग होती है वहां की बिजली काट दी जाती है और इसकी सूचना सोशल मीडिया पर देने की बात कहकर अधिकारी अपने कर्तव्य की इतिश्री करते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर लोगों को कुछ पता नहीं होता कि किस समय बिजली चली जायेगी और कब आयेगी। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन नही उठाने को लेकर भी फटकार लगायी गयी है। महानगर में 16 पावर हाउस हैं जिनसे विभिन्न फीडर निकले हैं जिस पर भी ओवरलोड होता है तुरंत वहां की बिजली काट दी जाती है। इनमें से पांच बिजलीघर मुन्नालाल, जेल चौराहा, रानीमहल, सीपरी और हाइडिल तो ओवरलोडिंग से बुरी तरह हलकान हैं और इसी का नतीजा कि विभिन्न इलाकों में अघोषित और लंबी कटौती की जा रही है। यूं तो गर्मी से पहले विभाग की ओर से सभी तरह की तैयारियां पूरी कर लिए जाने के जबरदस्त दावे किये गये थे और आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के तहत केबल बदले जाने का काम किया गया और लंबे फीडरों को भी दो हिस्सों में बांटा गया। इतना ही नहीं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढाये जाने के भी दावे किये गये लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ सभी दावों की हवा निकल गयी और आम जनता समय से बिजली बिल का भुगतान करने के बाद भी दिन रात टकटकी लगाये घर के पंखों के हिलने के इंतजार में बैठी है।

अधीक्षण अभियंता चंद्रजीत प्रसाद ने खास बातचीत में माना कि विभाग द्वारा 16 पावर हाउस में से तकरीबन चार से पांच की क्षमता 25 मेगावाट बढाये जाने के बाद भी आपूर्ति अबाध नहीं हो पा रही है क्योंकि लोड 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोड बढा है ऐसे में एक से डेढ़ महीना यह दिक्कत ऐसे ही बनी रह सकती है। महानगर का कोई भी इलाका बिजली की भारी कटौती से अछूता नहीं है। सिविल लाइंस निवासी वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा आज कल लाइट कब जायेगी कोई ठिकाना नहीं । लंबे समय से यही हालात बने रहने की वजह से दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित है। सीपी मिशन कम्पाउंड निवासी राघव पटैरिया भी दिन रात बिजली की कटौती से हलकान हैं। वह कंपटीशन की तैयारी कर रहा है लेकिन बिजल न आने से पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित है। शिवाजी नगर निवासी आकांक्षा ने बताया कि एक तो बिजली नहीं आती ऊपर से सब स्टेशन से कोई जानकारी भी नहीं दी जाती। एक महीने का बिल न चुकाने पर बिजली विभाग के कर्मचारी लाइट काटने तो पहुंच जाते हैं लेकिन अब इतने समय से लाइट की हो रही दिक्कत पर कोई जवाब देने सामने नहीं आता। बिजली न आने से हलकान लोग महानगर में कहीं न कहीं लगभग रोजाना ही प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद उन्हें बिजली की किल्लत से कोई निजात नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार की दिक्कतों को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने पत्रों के माध्यम से प्रदेश ऊर्जा मंत्री को भी झांसी के हालात के बारे में जानकारी दी है,कुछ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने की बात कही है लेकिन इस सब के बावजूद महानगर में बिजली की जबरदस्त किल्लत से आम लोगों को फिलहाल तो कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**

कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988

www.rashtriyaprastavana.com

ई-मेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# डीजे में गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

■ घटना में 7 से अधिक लोगों को आई गंभीर चोटें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

हमीरपुर। मौदहा क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव अरतरा में बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर ईंट, पत्थर, लाठी डंडे और लोहे के राड चलें। घटना में दोनों पक्षों से 7 से अधिक लोगों को गंभीर चोंटे आईं हैं। बुधवार को दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों ओर से कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव अरतरा में एक शादी में अरतरा निवासी दीपक पुत्र बिंदा प्रसाद श्रीवास और ललपुरा थानाक्षेत्र के मोराकांदर निवासी विपिन पुत्र भोला निषाद के बीच डीजे पर गाना बजाने को लेकर कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। जिसमें दोनों ओर से जमकर लाठी, डंडे, ईंट, पत्थर और लोहे के राड चलने लगे। जिससे दोनों पक्षों की ओर से 7 से अधिक लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से घायलों का मेडिकल परीक्षण करा कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बुधवार को बताया कि घटना की तहरीर मिल गई है।जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शराब का ठेका जो परछछ गांव के लिए है। लेकिन अरतरा गांव में चल रहा है, जिसके कारण अक्सर विवाद मारपीट और महिलाओं से अभद्रता तथा छींटाकशी जैसे मामले होते रहते हैं। उक्त शराब का ठेका हटाने के लिए महिलाओं ने एक दो बार उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की थी। लेकिन शराब माफिया के रसूख के चलते कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी के चलते कभी बड़ी घटना घट सकती है।

# माउंट एवरेस्ट विजेता अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही रवि कुमार का विजय दिवस मनाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। पर्वतारोही रवि कुमार मैमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में सदर तहसील के पास स्थित पर्वतारोही रवि कुमार चौक पर बुधवार को पर्वतारोही स्व. रवि कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनका विजय दिवस मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह ने बताया कि 20/21 मई 2017 को राष्ट्र के गौरव मुरादाबाद की शान स्व. रवि कुमार ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक आरोहण कर भारत की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज लहराकर विजय प्राप्त की थी। जब से निरंतर 21 मई को प्रत्येक वर्ष रवि कुमार जी की स्मृति में विजय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुरादाबाद के विभिन्न समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्वतारोही रवि कुमार के उत्कृष्ट कार्यों और उनके पराक्रम को याद किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सरदार गुरविंदर सिंह ने रवि कुमार के साहस की गाथा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वार्ड 8 से पार्षद चंद्रभान सिंह, परिवर्तन दी चेंज से कपिल कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस चौहान आओ हाथ बढ़ाएं संस्था से गीतांजलि पांडे एवं गोपाल हरि, कवयित्री पूजा राणा, सृष्टि अधिकारी,सर्व समाज आप सबकी रसोई से कमल गोला आर्य समाज से एडवोकेट रमेश आर्य, वंदे भारत से धवल दिक्षित अल्फाज फाउंडेशन से अमर सक्सेना, अभिव्यक्ति सिन्हा कीर्ति फाउंडेशन से आर भारत शिक्षाविद गौतम सिंह पर्वतारोही रोहित सैनी, जितेंद्र सैनी, विपिन सैनी सुरेश कुमार गौतम गौरव कुमार राजेश कुमार विनीत कुमार प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। संस्था के सचिव मनोज कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आज़मगढ़ में स्कूली बस की चपेट में आने से बालक की मौत, आक्रोशित लोगों ने बस में लगाई आग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



आज़मगढ़। जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव गांव में गुरुवार की सुबह अनियंत्रित स्कूली बस ने 11 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बालक की मौत से आक्रोशित लोगों ने बस से बच्चों को उतार तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया और जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाबुझाकर बालक के शव को कब्जे में लिया और जाम को समाप्त कराया। सरायमीर थाना क्षेत्र के लाल पोखरा गांव निवासी शोभई यादव का पुत्र राज यादव (11 )सुबह बाजार जा रहा था। इसी दौरान नन्दाव गांव में क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल की बस जो बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस का पीछा शुरू किया तो चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने बस से बच्चों को उतारकर उसमें तोड़फोड़ के साथ ही आग लगा दिया। जिससे बस धू-धू कर जल गई। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू।किया। सूचना के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुची। इसके बाद सीओ, एसपी ग्रामीण और एसडीएम भी मौके पर पहुचे। अधिकारियों ने परिजनों व आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया। जिसके बाद परिजनों ने एसडीएम को तहरीर सौंपा और जाम समाप्त हुआ। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आज सुबह दुर्घटना की सूचना मिली थी। लोगों ने बताया कि 11 वर्षीय बालक बाजार जा रहा था तभी स्कूली बस ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। बस में तोड़फोड़ के बाद लोगों ने बस को आग के हवाले कर मौके पर जाम लगा दिया था। लोंगो को समझाबुझाकर कर जाम हटवाया गया और मांग पत्र लिया गया। मौके पर लॉ एंड आर्डर की स्थिति सही है। बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

# हसौली में गूंजे श्रीराम के जयघोष, कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

■ पं. अरुण कृष्ण शास्त्री बोले- श्रीराम कथा अमृत के समान, जिसके श्रवण से होता है जीवन का उद्धार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। जमालपुर क्षेत्र के हसौली गांव स्थित विघ्न हरण हनुमत धाम में बुधवार की संध्या जैसे ही सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की मंगल ध्वनि गूंजी, पूरा परिसर भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया। आरती की लौ, घंटियों की झंकार और कथा व्यास की मधुर वाणी ने ऐसा समां बांधा कि हर श्रोता मानो त्रेता युग की लीला में खो गया। कथा वाचक पं. अरुण कृष्ण शास्त्री ने पहले ही दिन श्रीरामचरित मानस के महात्म्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि कथा का श्रवण कोई साधारण कार्य नहीं, यह तो जीवन के कई जन्मों के संचित पुण्यों का फल होता है। जब रामकथा जीव के हृदय में उतरती है, तो वह मोह-माया से मुक्त होकर परम पद की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने श्रीराम कथा को गंगा के समान निर्मल बताया और कहा कि जैसे पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है, वैसे ही श्रीराम कथा के श्रवण से आत्मा शुद्ध होकर ईश्वर के चरणों में स्थिर हो जाती है। कथा प्रारंभ से पहले यज्ञाचार्य पं. लड्डू कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष रजनीश दुबे द्वारा विधिवत ब्यास पूजन किया गया। श्रोताओं की भीड़ देखते ही बनती थी। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन व श्रवण का लाभ उठाया। कथा के समापन पर भव्य आरती हुई और प्रसाद वितरण के साथ पहला दिवस समाप्त हुआ।

## हृदय को बनाना सुमनवारी

जीवन में महत्वपूर्ण भावना
गोविंद से सर्व मंगल प्रार्थना
स्वयं को स्व कल्याण हेतु साधना
साकार में निराकार की आराधना

उर सागर में उठती तरंग
भावना तूलिका भरती रंग
भावना नयनों में प्रकटती
सदा हाव भाव में झलकती

हृदय को बनाना सुमनवारी
इसमें खिलाना सद्भावना क्यारी
हितकारी भावनाएं सुवासित
प्रफुल्लित प्रमुदित उल्लसित

संसार बनाती स्वर्ग सद्भावना
सदैव त्यागना दूषित कामना
काम क्रोध लोभ मोह दुर्भावना
विवेक से जीवन को सुधारना

सद्भावना आभूषण मानवता
दुर्भावनाएं दर्शाती दानवता
नियम संयम शुभ पाठशाला
चिंतन मनन की प्रयोगशाला

जनक जननी प्रदाता संस्कार
आज्ञाकारिता परिभाषा आभार
सतत सत्कर्म करना स्वीकार
शुभद आचरण परोपकार

**कृष्ण दयाल शर्मा**
**गुरुग्राम।**

## आंधी में गिरी होर्डिंग ने ली लोडिंग चालक की जान

**झांसी।** आधी रात के बाद आई भीषण आंधी के दौरान वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के बाहर पार्सल ऑफिस के सामने के पाथ वे किनारे खड़ी एक लोडिंग गाड़ी पर सो रहे चालक के ऊपर विशालकाय होर्डिंग गिरने से ड्राइवर की मौत हो गई। यात्रियों ने उस होर्डिंग को आसपास के व्यक्तियों की मदद से हटाया। आरपीएफ मूक दर्शक बनी रही। मौके पर पहुंचे रेलवे चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी व नवाबाद थाना क्षेत्र के सीमा विवाद के चलते शव करीब ढाई घंटे तक पड़ा रहा। बाद में नवाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। घटना की सूचना पर जीआरपी और नवाबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद घटनास्थल को लेकर विवाद शुरू हो गया। जीआरपी का कहना था कि घटना स्थल उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है तो नवाबाद थाने की पुलिस वह स्थान जीआरपी थाना क्षेत्र बता रही थी। इस दौरान जोरदार बारिश भी शुरू हो गई। ऐसे में सड़क पर पड़ा शव भीगता रहा और दोनों पुलिस बल सीमा विवाद में उलझे रहे। मौके पर पहुंचे परिजनों ने विवाद की स्थिति देखी तो वह शव को उठाकर कुली विश्राम गृह के पास ले गए और शव को बारिश से बचाने के लिए छज्जे के नीचे रख दिया।